खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 07°C

मेरठ, रविवार 21 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**चाहे कालीन भैया हो या कोडीन भैया, सबके खिलाफ चलना चाहिए बुलडोजर: अखिलेश** पेज 2



**गिल को नहीं मिली टी-20 विश्वकप टीम में जगह** खेल टाइम्स



**तोशाखाना केस: इमरान खान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा** पेज 11



**जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड** बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में 7 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को मैमनसिंह शहर में गुरुवार को हुई इस घटना की त्वरित और गहन जांच के बाद इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। इस घटना ने बांग्लादेश में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। श्री दास पर ईशनिंदा के आरोपों को लेकर भीड़ ने बेरहमी से हमला किया। वहां हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने उस शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शरीर को जला दिया गया। इस घटना ने इस क्षेत्र में गहरी जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक तनाव को उजागर किया है।

### दिल्ली में एक्यूआई 535 के स्तर पर पहुंचा, ग्रैप-4 लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जहरीले धुएं की परत छाने से शनिवार को व एक्यूआई 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत सभी कार्रवाइयां लागू की गई हैं। राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं जहां एक्यूआई 535 रिकॉर्ड किया गया है। यह अत्यंत खतरनाक श्रेणी को दर्शाता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति का संकेत देता है।

### दिल्ली में कोहरे के कारण 125 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गई। सुबह 10 बजे तक प्रस्थान करने वाली 63 और यहां उतरने वाली 66 उड़ानें रद्द कर दी गई।

# आरएसएस के लिए सच्चाई नहीं, शक्ति जरूरी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत की आलोचना की।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। आरएसएस ऐसा नहीं करती। बता दें कि राहुल गांधी 5 दिन के जर्मनी दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम कनेक्टिंग कल्चर्स में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी। राहुल गांधी ने जर्मनी के हर्टी स्कूल में अपने संबोधन में तेजी से बदलते वैश्विक माहौल के बीच भारत की दिशा पर अपनी बात रखी।

**■ कांग्रेस सांसद जर्मनी में बोले: उनके प्रमुख यह खुले तौर पर कह रहे, यही उनमें और कांग्रेस में अंतर**



### राहुल गांधी विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा का दावा है कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान भारत-विरोधी ताकतों से मुलाकात करते हैं। साथ ही राष्ट्रीय हितों के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहते हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए के भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी अक्सर संसद सत्र के दौरान विदेश यात्राओं पर चले जाते हैं। उदाहरण के तौर पर राहुल के हालिया जर्मनी दौरे का जिक्र किया। भाटिया ने कहा किनेता प्रतिपक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि जब संसद सत्र चले तब वह सदन में मौजूद रहे, लेकिन राहुल विदेश चले गए।

### सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली।** विशेष एनआईए अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह गैर-जमानती वारंट 2012 के एक आतंकी मामले में जारी किया गया है, जो पुलिस स्टेशन बड़गाम में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम व धारा 506 आरपीसी के तहत दर्ज किया गया था।

# मोदी का ममता पर तीखा हमला

## कहा: टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए SIR का कर रही विरोध

**कोलकाता, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का हेलीकॉप्टर शनिवार को कुहासे की वजह से ताहेरपुर में नहीं उतर पाया। उसके बाद पीएम मोदी ने मोबाइल से सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में टीएमसी और ममता बनर्जी की सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने राज्य की जनता से बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बार बीजेपी को मौका दें। उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने बिहार ने विकास के लिए एनडीए सरकार को प्रचंड विजय दिलाई है। गंगाजी बिहार से बहते हुए बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा का विजय का रास्ता बना दिया है। बिहार ने जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है। 20 साल बाद भाजपा-एनडीए को पहले से अधिक सीटें दी हैं। पश्चिम बंगाल में महाजंगल राज चल रहा है। उससे हमें मुक्ति चाहिए। पश्चिम बंगाल का बच्चा-बच्चा कह रहा है। पश्चिम बंगाल का हर गांव, शहर, हर गली और मोहल्ला कर रहा है। बाचते चाई, बीजेपी ताई। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी सरकार है, जो कमीशन में लगी रहती है। विकास से जुड़े हजारों रुपये के प्रोजेक्ट लटके पड़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का विरोध करें, लेकिन जनता के सपनों को चूर-चूर करने का पाप नहीं करें। राज्य के प्रबुद्ध जनता से अपील कर रहा हूं कि यहां बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाकर देखें। उन्होंने कहा कि गोबैक के नारे लगाने वाले घुसपैठिए के लिए चुप हो जाते हैं। वे गोबैक मोदी के नारे लगाते हैं। यही टीएमसी का असली चेहरा है। टीएमसी घुसपैठिए को बचाने के लिए बंगाल में एसआईआर का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सर्वप्रथम क्षमा प्रार्थी हूं कि खराब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर नहीं उतर पाया। कुहासे की वजह से कुछ भाजपा कार्यकर्ता रेल हादसा के -शेष पृष्ठ दो पर

**पीएम ने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग का किया उद्घाटन**



### अगस्ता वेस्टलैंड केस: कोर्ट ने दिया मिशेल की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेस्म को हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने खुशी जाहिर की और कहा कि भारत में कुछ अच्छे जज हैं। मैं कोर्ट के आदेशों से संतुष्ट हूं। भारत का संविधान बहुत अच्छा है। हालांकि, क्रिश्चियन मिशेल जेम्स अभी भी सीबीआई केस में हिरासत में रहेंगे।

# नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: ये उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं, बल्कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है।

पासपोर्ट रिन्यू करते समय पासपोर्ट अथॉरिटी किसी व्यक्ति की भविष्य की यात्रा का शेड्यूल या वीजा की जानकारी नहीं मांग सकती। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि पासपोर्ट अधिकारी का काम सिर्फ यह देखना है कि आपराधिक मामला पेडिंग होने के बावजूद संबंधित अदालत ने यात्रा की संभावना खुली रखी है या नहीं। अगर अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू कराने की परमिशन दी है, तो पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में महेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई हुई। महेश का पासपोर्ट साल 2023 में एक्सपायर हो चुका है। रांची की एनआई कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके पासपोर्ट रिन्यू कराने पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी।



**■ शीर्ष अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया**




# मनरेगा के लिए लड़ी थी और अब इसे खत्म करने के खिलाफ भी लड़ूंगी: सोनिया गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के खिलाफ भी लड़ेंगी। श्रीमती गांधी ने शनिवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे आज भी याद है, -शेष पृष्ठ दो पर

**■ मोदी सरकार ने नया कानून लाकर गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है**

### जी राम जी विधेयक का लक्ष्य इसे नए रूप में मजबूत बनाना है: मोदी

**नई दिल्ली।** विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर विपक्ष के कड़े विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस विधेयक का लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है, बल्कि इसे नए सिरे से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि विधेयक का लक्ष्य रोज़गार गारंटी बढाना, स्थानीय योजना को शामिल करना, मज़दूरों की सुरक्षा और खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाना और ग्रामीण आजीविका व्यवस्था को बदलना है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार लाएगी ईवी नीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी को स्वच्छ बनाने और प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लेकर आयेगी। डॉ. पंकज ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए हम जनहित में इलेक्ट्रिक वाहन नीति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तब परिवहन विभाग में मात्र 300 ईवी बसें थीं जबकि आज यह संख्या बढ़कर 3,518 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च तक इसे 5,000 तक पहुंचा देंगे। पिछले साल के 80 हज़ार की तुलना में इस साल ईवी वाहनों का पंजीकरण एक लाख का आंकड़ा पार कर चुका है।

### मोदी-शाह ने दी एसएसबी को स्थापना दिवस पर बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के प्रमुख केन्द्रीय पुलिस बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के स्थापना दिवस पर उसके सभी जवानों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है और कर्तव्य की उनकी भावना राष्ट्र की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण भूभागों से लेकर अभियानों की कठिन परिस्थितियों तक एसएसबी हमेशा सतर्क रहती है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर इस बल से जुड़े सभी कार्मिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगीना(बिजनौर) के सांसद चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण के खिलाफ नगीना अदालत में विचाराधीन याचिका को स्थगित कर दिया है।

सांसद के विद्वान वकील चौधरी दिलनिसार ने नगीना अदालत में लंबित याचिका संख्या 404/2021 राज्य बनाम चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दााखिल की थी, जो भारतीय दंड संहिता संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 146/2019 में वास्ते विचारण लंबित था और इस मामले को समाप्त करने की गुहार लगाई थी।

हाईकोर्ट में एक याचिका संख्या 44704/2025 दााखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार के लगाए आरोपों के खिलाफ स्वीकार करते हुए निचली अदालत की कार्यवाही को स्थगित कर दिया और कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दिया गया रिलीफ विधिसम्मत है। हाईकोर्ट के इस फैसले से सांसद ने राहत महसूस की है और भविष्य में न्याय की उम्मीद जाहिर की है। सांसद चंद्रशेखर ने अपने अधिवक्ता दिल निसार को मुबारकवाद दी। चौधरी दिल निसार अहमद एडवोकेट सहारनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जॉनिसार अहमद के पुत्र हैं।





सरकार के खिलाफ नगीना अदालत में चल रहे मामले पर दिया स्टे

# महिलाओं के शिक्षित होने से समाज बदला: राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** केजीएमयू के 21वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पहले समाज में महिलाएं बहुत पीछे थीं, पढ़ने की इच्छा होने के बावजूद उन्हें पढ़ने नहीं दिया जाता था। अब महिलाओं को मौका मिला है, मैंने देखा है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 80 प्रतिशत अवार्ड महिलाएं अपने नाम दर्ज करती हैं। समाज में बहुत बदलाव आया है।

इस दौरान कुल 2431 स्टूडेंट्स को ऑनलाइन डिग्री प्रदान की गई। 81 मेधावियों को मेडल और अवॉर्ड्स देकर सम्मानित किया गया। इनमें कुल 48 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहे। समारोह में 100 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल, 7 को सिल्वर, 2 को बुक प्राइज, 3 को कैश प्राइज और 7 को सर्टिफिकेट आफ ऑनर दिया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और यूपी भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. डा. सोनिया नित्यानंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा को व्यवसाय नहीं सेवा समझें, सेवाभाव से ही जरूरतमंद की मदद करना है। यहां से पास होकर निकला बड़ी उपलब्धि है। आपको मानवीय संवेदना के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और सेवाभाव से पूरी करनी है। आप सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं।



केजीएमयू के 21 वें दीक्षांत समारोह में 2431 छात्रों को डिग्रियां वितरित

### डाक्टर असंभव को संभव कर देते हैं: नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज के समय में बच्चे को अच्छी परवरिश देना माता-पिता के लिए तपस्या होती है। आप सबने अपने हुनर, तपस्या और लगन से असंभव को संभव किया है। एक रोगी को स्वस्थ बनाना चिकित्सक के ऊपर होता है, इसीलिए कहा जाता है कि चिकित्सक असंभव को भी संभव कर देते हैं। उन्होंने कहा कि केजीएमयू ने सिर्फ देश की सेवा नहीं की, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा की है। यहां कॉर्निया ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांस्प्लांट, नी ट्रांस्प्लांट और अब बोनमैरो ट्रांस्प्लांट भी होता है। आपके उत्कृष्ट रिजल्ट के लिए आप सभी को ढेरों बधाई, यह स्वर्णिम क्षण है। नड्डा ने कहा कि 1950 के दशक में एक कांसेप्ट के तहत नेशनल मेडिकल काउंसिल खोला गया।

## जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दो टूक

# कबूतरबाजों पर सख्त कार्वाई करें अधिकारी

**गोरखपुर, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाए। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है, हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। सीएम योगी ने जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने के मामले पर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है। जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।

मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवे. काधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।



धोखाधड़ी करने वालों से पीड़ित का पैसा भी वापस कराकर इंसाफ दिलाएं

### अखिलेश किसी को बचा नहीं पाएंगे: मौर्य

**लखनऊ।** यूपी के कफ सिरप कोडीन मामले पर बीजेपी एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने बीते दिन सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ कफ सिरप मामले के आरोपी आलोक सिंह की फोटो पोस्ट की थी, जिसके बाद से ही कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं । पूरे मामले सीएम योगी ने जांच के आदेश दिए हैं, वहीं अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने भी अखिलेश पर हमला बोला है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी और माफिया एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं। कोडीन कफ सिरप के पीछे जो भी दोषी होगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस और ईडी की जांच चल रही है, अखिलेश यादव किसी को नहीं बचा सकते हैं। कफ सिरप मामले में बीजेपी लगातार समाजवादी पार्टी पर हमलावर है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोपियों की तस्वीरें कई नेताओं के साथ सामने आ चुकी हैं। इस मामले में लगातार एक्शन भी लिया जा रहा है।

# हिजाब मामला: सीएम नीतीश को पश्चाताप करना चाहिए: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का डाक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब खींचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विवाद को खत्म करने और पश्चाताप करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि खासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण, विवाद का रूप लेकर यह लगातार तूल पकड़ता ही जा रहा है, जो दुखद व दुभाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह मामला पहली नजर में ही महिला सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा होने के कारण माननीय मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से अब तक सुलझ जाना चाहिये था। मायावती ने कहा कि खासकर तब जब कई जगहों पर ऐसी अन्य वारदातें भी सुनने को मिल रही हैं। अच्छा होगा कि मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखते हुए इसके लिए पश्चाताप कर लें और कड़वा होते जा रहे इस विवाद को यहीं पर खत्म करने का प्रयास करें। बसपा सुप्रीमो ने उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला पुलिस की तरफ से एक कथावाचक को सलामी दिए जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस परेड में स्थापित परम्परा और नियमों से हटकर एक कथावाचक को सलामी देने का मामला भी काफी बड़े विवाद में है, इसको लेकर सरकार कठघरे में है।



विधानसभा सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के विवाद के बीच उलझा



सेंसेक्स 85213.36

निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222

प्रति किलो



# सम्भल में चार हैवानों को उम्रकैद

## मासूम बेटी के सामने मां के साथ की थी दरिंदगी, शव जलाया था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** यूपी के सम्भल जिले की अदालत ने चार हैवानों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन्होंने 7 साल पहले एक मासूम बच्ची के सामने उसकी मां के साथ गैंगरेप किया था। वारदात के बाद महिला के शव को हवन कुंड में डालकर जला दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे बहुत ही शर्मनाक और अमानवीय बताते हुए चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला सम्भल के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 25 साल की विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। उसके पति दिल्ली में मजदूरी करते थे। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि 13 जुलाई 2018 की रात महावीर, कुंवरपाल, जयवीर और एक नाबालिग लड़के ने महिला के घर में जबरन घुसकर गैंगरेप किया। इस दौरान इस महिला की 7 साल की बच्ची चीखती-चिल्लाती रह गई।

जब दोषियों ने महिला को हवनकुंड में डाल दिया, तो बच्ची बेहोश हो गई थी। कुछ देर बाद बच्ची को होश आया, तो उसने अपने ममेरे भाई को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे ममेरे भाई ने बच्ची के साथ थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही उसके कपड़ों पर गिरे सीमन की डीएनए जांच कराई। इससे आरोपियों की पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इस मामले में सभी जरूरी साक्ष्य एंव गवाहों को जुटाकर मजबूत चार्जशीट तैयार की थी। अदालत में मामले की सुनवाई 7 साल तक चली। इस दौरान विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अवधेश कुमार की कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 1 लाख 12 जुर्माना भी लगाया है, हालांकि मृतका के परिजनों ने कोर्ट में सभी दोषियों के लिए फांसी की मांग की थी। कोर्ट ने अपने फैसले में जुर्माने की रकम में से 2 लाख रुपए पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया है।

सात साल बाद बेटी को मिला इंसाफ

# शांति विधेयक में जल्दबाजी परमाणु दायित्व पर अमेरिकी दबाव का परिणाम: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र में परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले शांति विधेयक को पारित करने को परमाणु दायित्व से संबंधित नियमों पर अमेरिकी दबाव से जुड़ा करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के एक हिस्से में भारत का जिक्र है जिसमें परमाणु दायित्व नियमों पर अमेरिका और भारत के बीच संयुक्त मूल्यांकन का उल्लेख किया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शांति विधेयक को लेकर सरकार की जल्दबाजी समझ आ गई है कि यह शांति विधेयक वास्तव में 'ट्रम्प विधेयक' है जिसमें रिएक्टर उपयोग और प्रबंधन वादा अधिनियम है, इस कानून का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करना है। उनका कहना था कि संसद में इसी सप्ताह पारित शांति विधेयक, परमाणु क्षति में नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 के प्रमुख प्रावधानों को कमजोर करता है, जिससे सुरक्षा और दायित्व पर चिंताएं पैदा होती हैं। विपक्षी दलों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इस विधेयक प्रावधान सुरक्षा से समझौता करने वाले हैं और निजी कंपनियों को लाभ पहुंच. ाने वाला है। उनका कहना था कि खासकर छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के लिए इस विधेयक के प्रावधान यही कहते हैं।

# चावल, चीनी और दालों में रही नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए, जबकि गेहूं की कीमत स्थिर रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 40 रुपये घटकर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर लगभग स्थिर रहा। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल औसतन 93 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 73 रुपये और चना दाल की 57 रुपये घट गई। मूंग दाल में 45 रुपये और उड़द दाल में 38 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।



स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 41 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत में तीन रुपये की वृद्धि हुई। सरसों तेल के दाम लगभग स्थिर रहे। मूंगफली तेल 75 रुपये और वनस्पति 43 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7778.81 रुपये, मसूर काली 8098.20 रुपये, मूंग दाल 10077.20 रुपये, उड़द दाल 10331.02 रुपये, तुअर दाल 10474.97 रुपये प्रति क्विंटल । अनाज : गेहूं दड़ा 2858.33 रुपये और चावल 3826.69 रुपये प्रति क्विंटल । आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल । चीनी.गुड़ : चीनी एस 4318.80 रुपये और गुड़ 4999.87 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17648.52 रुपये, मूंगफली तेल 17687.78 रुपये, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपये, सोया तेल 13770.86 रुपये, पाम ऑयल 12486.45 रुपये और वनस्पति 14454.29 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मोदी का...** शिकार हुए हैं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। जो घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की वह कामना करते हैं। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि नादिया वो भूमि है, जहां करुणा और भक्ति के स्वरूप चैतन्य प्रभु प्रकट हुए। पश्चिम बंगाल की यह भूमि बंकिम बाबू की भूमि है। ऋषि बंकिम ने वंदेमातरम के जरिये नई चेतना प्रकट की। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की लक्ष्य की प्राप्ति में केंद्र सरकार हर देशवासी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। सरकार ऐसी नीति बना रही है कि हर भाई-बहनों का सामर्थ्य बढ़े। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को दो बड़े हाई-वे प्रोजेक्ट मिले हैं। इससे इस क्षेत्र की कोलकाता और सिलीगुड़ी की कनेक्टिविटी बेहतर होने वाली है। मउन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

**मनरेगा के लिए...** 20 साल पहले डा. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिये महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू से ही इस योजना को महत्व नहीं दे रही है और पिछले 11 साल में उसने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। अफसोस इस बात का है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। इस योजना से न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरूप भी बिना विचार-विमर्श, बिना किसी से सलाह-मशवरा और विपक्ष को विश्वास में लिए बिना मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। बीस साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।

# यूपी के 21 जिलों में कोहरे और ठंड का रेड अलर्ट, बढ़ेगी सर्दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्य कड़ाके की ठंड का कहर झेल रहे हैं, लोग ठंड से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय अपना रहे हैं। इसी बीच मौसम विभाग की तरफ से उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में घने कोहरे और ठंड को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी से साफ जाहिर है कि आने वाले दिनों अभी और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। प्रदेश के 21 जिलों में जबरदस्त ठंड की चेतावनी जारी की गई है। वहीं कोहरे से कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, आजमगढ़, बहराइच, श्रावस्ती, कानपुर देहात के अलावा फतेहपुर, कौशांबी और प्रयागराज में घना कोहरा होने की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अगले पांच दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और कहीं- कहीं हल्के से मध्यम कोहरा होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी के कुछ स्थानों घना से अत्यंत घना कोहरा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2 दिन तक अधिकतम तापमान राज्य में दिन के समय में बड़े उतार-चढ़ाव की संभावना है और अधिकतम तापमान, सामान्य तापमान से नीचे रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में अगले 4-5 दिनों में धीरे-धीरे लगभग 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

### प्रयागराज में अतीक की कुर्क जमीन को बेचने के प्रयास में भूमाफिया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे गैंगस्टर की धारा में कुर्क की गई माफिया अतीक अहमद घे घ्मीन को भूमाफिया प्लाटिंग कर बेचने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि माफिया अतीक अहमद डी अपराध से अर्जित घ्मीनो घे गैंगस्टर डी धारा मे कुर्क किया गया था। अब भू माफिया उसी घे बेचने से भी पीछे नही हट रहें। एयरपोर्ट इलाके के सिलना भिटी मे गैंगस्टर मे कुर्क करोघें घे घ्मीन पर अब न तो कुर्की का बोर्ड हैं और न ही कोई ऐसी पहचान कि जिससे पता चले घि ये घ्मीन कुर्क की गई हैं। मामला घ्ब सुर्खियों मे आया तो पुलिस ने खुद वादी बन अंचला इंघ्र टेक कम्पनी के डायरेक्टर केशव सिंह और बेली निवासी खुशनुमा के खिलाफ एयरपोर्ट थाने मे शुक्रवार की देर शाम मुकदमा दर्ज कराया हैं। एफआईआर मे साफ साफ लिखा हैं कि लाभ कमाने के लिए इन लोगो नें कुर्क घ्मीन पर प्लाटिंग कर डाली, खास बात यह है कि केशव सिंह अतीक अहमद का करीबी हैं,और कुर्क घ्मीन के इस खेल मे अतीक से जुघे कई और लोग भी शामिल हैं।

### हिजाब विवाद: देश में मुसलमान होना गुनाह: सपा

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मुस्लिम महिला का हिजाब हटाने की कड़ी निंदा की और कहा है कि सीएम ने महिला के साथ जो किया है, वो बेहद गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा नेता ने कहा कि देश में मुसलमान होना गुनाह है, देश में अब मुस्लिम बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है, उन्हें गद्दार बोला जा रहा है, देश से निकालने के लिए बोल रहे हैं। नेता ने कहा कि उन्होंने कभी ये नहीं कहा कि खान मेयर बने, बल्कि ये कहा कि एक अच्छा इंसान मेयर होना चाहिए। अबू आजमी ने कहा कि संसद में भी ईशनिंदा बिल लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बात करेंगे।

# गमगीन माहौल में हुआ पिता-पुत्र का अंतिम संस्कार

## आजमगढ़ सड़क हादसे के बाद गांव अलीपुर में पसरा मातम, ग्रामीणों की आंखें हुई नम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आजमगढ़ जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में असमय काल के गाल में समाए सरधना थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी पिता-पुत्र का अंतिम संस्कार शुक्रवार को गांव के श्मशान घाट पर बेहद गमगीन माहौल में किया गया। जैसे ही दोनों के पार्थिव शरीर गांव पहुंचे, पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और मातम का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था, जिसे देख वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

शनिवार सुबह आजमगढ़ से पोस्टमार्टम के बाद गांव अलीपुर पहुंचे हादसे में मृत हुए विशेष (पिता) और उनके पुत्र अक्ष का अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट में किया गया। इस हादसे में विशेष के रिश्तेदार सत्य की भी मौके पर ही मौत हुई थी। पिता-पुत्र और रिश्तेदार की एक साथ मौत ने परिवार को पूरी तरह तोड़ कर रख दिया। श्मशान घाट पर परिजन और ग्रामीण हृदय विदारक दृश्य देखकर भावुक हो उठे। गंभीर रूप से घायल डोली, कार्तिक, अंक्षिका व एक अन्य को तत्काल आजमगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अंतिम संस्कार के दौरान पूरे गांव अलीपुर में मातम का माहौल था। घरों में चूल्हे नहीं जले और लोग रोते-बिलखते हुए अंतिम संस्कार में शामिल हुए। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी शोक संवेदना जताने के लिए मौजूद रहे और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### धार्मिक यात्रा बनी दुखद

परिवार बनारस धार्मिक यात्रा पर निकला था। बनारस में धार्मिक दर्शन करने और कुछ पारिवारिक कार्य पूरे करने के लिए रवाना हुआ यह परिवार अब मातम में डूब गया। इस हादसे ने न केवल परिवार की खुशियां छीन लीं, बल्कि पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है।



# तहसील सरधना का समाधान दिवस, 41 में से चार का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** माह के तीसरे शनिवार को तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल औपचारिकताएं पूरी करना नहीं बल्कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना होना चाहिए। तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस के दौरान मौके पर निस्तारित हुई चार शिकायतें, शेष को समयबद्ध आदेश सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जबकि शेष के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। इस दौरान सबसे ज्यादा चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग, भूमि की पैमाईश कराने के अनुरोध, पेंशन संबंधी प्रार्थनाएं, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी और अन्य संबंधित प्रशासनिक मामलों की शिकायतें जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का समाधान नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। इस मौके पर एसएसपी विपिन ताडा, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर, पीडीडी आरडीए सुनील कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पत्रकारों ने शाहिद मंजूर को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मवाना तहसील अध्यक्ष शकील सैफी के नेतृत्व में किठौर विधायक शाहिद मंजूर से मुलाकात कर सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों की सुरक्षा, मान सम्मान, मानदेय, स्वास्थ्य बीमा तथा उत्पीड़न से संरक्षण जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार जमीनी स्तर पर जनसमस्याओं को उजागर करने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मवाना तहसील अध्यक्ष शकिल सैफी ने भी मांगों को मजबूती से रखते हुए कहा कि संगठन लगातार पत्रकार हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा। विधायक शाहिद मंजूर ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए मांगों को शासन स्तर पर उठाने और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष राजन सोनकर, उपाध्यक्ष शाहिद खान, संगठन महामंत्री राजू शर्मा, जिला मंत्री अनिल यादव, मनीष सिंह, प्रवेश कश्यप आदि पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मजदूर ने लगाई फांसी, मौके पर पहुंची पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की देर शाम को जानी थाना क्षेत्र के सुभारती विश्वविद्यालय में एक व्यक्ति ने घर में फांसी लगा ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंखे से लटका हुआ शव नीचे उतारा और जांच पड़ताल में जुट गई। सूत्रों के मुताबिक चांदपुर बिजनौर निवासी शिवम पुत्र रामपाल सुभारती में मजदूरी करता था उसकी पत्नी बबली ने बताया कि वह किसी काम से बाहर गई थी। जब घर लौट कर आई तो कमरे के अंदर से कुंडी लगी थी। दरवाजों को जोर से धक्का मारा तो अंदर जाकर देखा तो शिवम ने पंखे से लटक कर कांसी लगा ली। तभी पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र ने जांच पड़ताल शुरू की और शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सुभारती कैंपस के अंदर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई जिसमें पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# सरधना पत्रकार एसोसिएशन ने प्रशासनिक अधिकारियों का किया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शनिवार को पत्रका. रिता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सरधना पत्रकार एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर एवं क्षेत्रधिकारी सरधना आशुतोष कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा मीडिया के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए सम्मानित किया गया।

तहसील परिसर में आयोजित समारोह के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में क्षेत्र में प्रशासनिक कार्य प्रणाली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। अपराध नियंत्रण, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और आम नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार ने प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत किया है। इस अवसर पर सरधना थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप, थाना प्रभारी सरूरपुर गौरव सिंह, रिहान खान, शुभम गुप्ता, शाह आलम, दानिश अंसारी, लुकमान चौहान, अनुज कुमार, रुबाब आलम, आस मोहम्मद सहित सरधना क्षेत्र के अनेक पत्रकार, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# लावड़ की छात्राओं को नीलकंठ कॉलेज में किया गया सम्मानित

■ राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की दो छात्राओं ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में किया प्रतिभाग







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को मोदीपुरम स्थित नीलकंठ ग्रुप अक्क इंस्टीटडूट में विज्ञान मक्कडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के अनेक कक्कलेजों की छात्र छात्रओं ने प्रतिभाग किया। वहीं कस्बा लावड़ के राष्ट्रीय कन्या इंटर कक्कलेज से कक्षा 11 वीं की छात्र अलीना रिजवी पुत्री आरि ऊ बाबू रिजवी व कक्षा 10 की छात्र मुस्कान पुत्री मानेंद्र कुमार ने भी प्रतिभाग किया।दोनों छात्रओं को अधयापिका कौशल रानी व प्राची सैनी ने गाईड किया। वहीं प्रतियोगिता के बाद आयोजन समिति ने अलीना रिजवी को मानव सुरक्षा मक्कडल व मुस्कान को जल ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा बनाने वाले मक्कडल को बनाने के लिए ट्रक्की व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।साथ ही दोनों अधयापिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

# सरधना देहात में सुशासन सप्ताह में ऑनलाइन सेवाओं को बढ़ावा

■ 25 दिसंबर तक चलेगा सुशासन सप्ताह, अधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रहे बैठक में मौजूद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चल रहे सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत सरधना देहात में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी मेरठ वीरेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी सरधना सुनीत भाटी, एडीओ पंचायत सुनील कुमार, ग्राम प्रधान कोमल, सचिव रामदेव शर्मा के साथ-साथ आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम वासी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं जैसे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, IGRS शिकायत, आय-जाति प्रमाण पत्र, कन्या सुमंगला योजना और पेंशन योजनाओं का विवरण देते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामवासियों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और योजनाओं के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग की महत्ता पर जोर दिया। सुशासन सप्ताह का यह आयोजन ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं की पहुंच को बढ़ाने और प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सेंट जेम्स में संकल्प 4.0 व क्रिसमस गाला का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा सुभाषपुरी स्थित सेंट जेम्स सीनियर सेकंडरी विद्यालय में 19 व 20 दिसंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम संकल्प 4.0 ए सीजन ऑफ सक्सेस एवं स्पार्कल एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरिमनी तथा क्रिसमस गाला का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर तीमोथी डिसूजा, रैवरन रिन्वी ए. नोयल, समाजसेविका पूनम शर्मा एवं रैवरन डेनियल मसीह रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह एवं मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने ईशवंदना, स्कूल क्वायर, स्वागत गीत तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सीनियर विंग द्वारा सतरंगी संस्कृति, जूनियर विंग द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम और प्राइमरी विंग द्वारा क्रिसमस एक्टिविटी प्ले प्रस्तुत किया गया। क्रिसमस गाला में जोली बेल्स डांस व ग्रैंड फिनाले विशेष आकर्षण रहे। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# तेजस्विनी प्रशिक्षण के तीन दिवसीय शिविर का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश और अखिल विद्या समिति द्वारा देश के पहले टीम तेजस्विनी प्रशिक्षण के तीन दिवसीय शिविर का उद्घाटन किया गया। यह शि. विर किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम राधना स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन थाना अध्यक्ष प्रताप सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी हाजी आरिफ मंजूर ने फीता काटकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के लिए निर्भय होकर हर क्षेत्र में आगे आना होगा। अखिल विद्या समिति ने मिशन शक्ति के साथ मिलकर टीम तेजस्विनी का गठन किया है, ताकि बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। हाजी आरिफ मंजूर ने विश्वास व्यक्त किया कि बेटियों के लिए अखिल विद्या समिति का यह प्रयास निश्चित रूप से सफल होगा। अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रुहेला ने बताया कि यह टीम तेजस्विनी का पहला शिविर है। इसका उद्देश्य बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही, उन्हें सुरक्षा, शिक्षा के साथ एक सुंदर भविष्य के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बेटियों को सेल्फ डिफेंस, जूडो कराटे, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, योगा, सोशल मीडिया साइबर सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी एसपी क्राइम, एसडीएम मवाना, सीओ किठौर, थाना अध्यक्ष किठौर और मिशन शक्ति की प्रभारी सहित अखिल विद्या समिति के सभी प्रभारी और पुलिस प्रशासन का सहयोग रहेगा। इस अवसर पर मिशन शक्ति किठौर की प्रभारी करीना, टीम तेजस्विनी की प्रभारी आरती यादव, अंतर्राष्ट्रीय नारी परिषद की अध्यक्ष पूनम रुहेला, टीम तेजस्विनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वाति चौधरी और प्रशिक्षण प्रभारी ओजस्विनी रुहेला सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज को भारत रत्न की उपाधि देने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपने पूरे जीवन में धर्म की रक्षा करते चले आ रहे ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ महाराज को विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष सुशील वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ भारत रत्न की उपाधि की मांग की है उनका कहना था की ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ महाराज ने हमेशा धर्मांतरण और लव जिहाद को रोकने का कार्य किया है जातिगत विचारधारा के विपरीत सामाजिक समरसत्ता के आधार पर सनातन संस्कृति की स्थापना की है अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई गरीब बच्चों की शिक्षा स्कूल कॉलेज तथा विश्वविद्यालय की स्थापना तथा रोगियों के लिए अस्पतालों की स्थापना उनका मुख्य कार्य किया है उन्होंने धर्म के क्षेत्र में आगे बढ़कर योगदान दिया है इसलिए उन्होंने सरकार से मांग की है कि उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सुशोभित किया जाए। इस दौरान प्रदेश महामंत्री भानु प्रताप सिंह, अमित भारद्वाज, नीरज आदि रहे।

# रैपिड रेल में अश्लील हरकत का वीडियो वायरल, सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ-मुरादनगर के बीच संचालित रैपिड रेल में कथित तौर पर एक नाबालिग स्कूल छात्रा के साथ अश्लील हरकत का वीडियो सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना ट्रेन के कोच के अंदर हुई, जहां उस समय अन्य यात्री भी मौजूद थे। कोच में लगे सीसीटीवी कैमरों में यह दृश्य कैद हो गया, जिसके बाद वीडियो के वायरल होने की बात सामने आई है। इस मामले ने रैपिड रेल की सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है।

यदि घटना वास्तव में सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई थी तो यह गंभीर सवाल उठता है कि संवेदनशील फुटेज को सार्वजनिक कैसे किया गया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्यों नहीं रोका गया। कानून विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि ऐसी घटनाओं में सबसे पहले पहचान और गरिमा की रक्षा की जानी चाहिए। अश्लील हरकत करने वाले आरोपियों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई आवश्यक है, लेकिन इसके साथ-साथ वीडियो को वायरल करने वालों पर भी उतनी ही कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कानून के अनुसार, किसी भी संवेदनशील या आपत्तिजनक वीडियो का प्रसार स्वयं में एक गंभीर अपराध है। यह मामला न केवल रैपिड रेल प्रशासन की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सीसीटीवी जैसी सुरक्षा प्रणालियों का



दुरुपयोग किस तरह पीड़ितों के अधिकारों का हनन कर सकता है। अब आवश्यकता है कि जांच एजेंसियां पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करें, दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### जवाब देने से कतराते रहे अधिकारी

जब इस संबंध में दैनिक शाह टाइम्स ने रैपिड ट्रेन का संचालन करने वाली कंपनी के अधिकारियों से इस संबंध में बात करनी चाही तो उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया, इस मुद्दे से कर्मचारी और अधिकारियों ने दूरी बना ली।

निःसंतान दम्पतियों की आशा!
डॉ. सिंह टैस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर, मेरठ



Dr. SHASHI SINGH
D.G.O., M.S. GYNAE,
LAPAROSCOPIC SURGEON

मेरठ कमिश्नरी के प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी एवं जुड़वा टैस्ट ट्यूब बेबी को विकसित करने का गौरव प्राप्त

- टेस्ट टय्ब के क्षेत्र में 20 साल से अधिक का अनुभव।
- दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के समस्त ऑपरेशन।
- सफलता का प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार।
- PCOD Clinic for Young Girls
- यदि शुक्राणुओं की मात्रा अत्यधिक कम है।
- कई बार सफल नहीं हुआ है।
- किसी भी कारण से आपके संतान नहीं है।

Friday & Saturday Closed



Dr. ANIRUDH SINGH
M.S. (SURG), FIAGES, FAIS, FMAS
Dip. MAS (Diploma in Minimal Access Surgery)
LAPAROSCOPIC SURGEON
& INFERTILITY SPECIALIST

सर्किट हाऊस सिविल लाईन्स, मेरठ । Tel: +-91-2645266 Mob.: +91-7055291987
Also: APCOT IVF A-2, Sec-72, NOIDA on Friday/Saturday Ph. 9717215462, 8527521146

# उसहैत: पांच माह से गांव में खराब पड़ा है ट्रांसफार्मर

गांव में अभी तक नहीं लगा नया ट्रांसफ़ार्मर,आधा दर्जन गांव की बिजली गुल

**वाहरे वहां विद्युत विभाग के कर्मचारी तुम्हारे कारनामे अजीबो गरीब ट्रांसफार्मर पोल पर लगाने बजाय गांव में डाल कर भाग गए।**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उसहैत फील्डर के ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर पुख्ता के मजरा म्योरा उर्फ (न्यौरा) में पिछले 5 महीनों से ट्रांसफार्मर खराब है। इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की शिकायत करने के बाद ट्रांसफार्मर तो गांव में पहुंचा दिया गया। लेकिन एक हैरान करने वाली बात यह कि ट्रांसफार्मर पोल पर लगाने की वजह गांव में ही जमीन पर रख कर चले आए और लाइनमैन द्वारा ट्रांसफार्मर में से तेल भी निकाल लिया गया। लाइनमैन द्वारा तेल निकलने से ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले ट्रांसफार्मर जल्दी आया भी नहीं था और कई बार शिकायत करने के बाद अगर आ भी गया तो लग भग तीन महीने से ट्रांसफार्मर जमीन पर पड़ा है। अभी तक पोल पर रखा नहीं गया है। ऐसी कड़ाके की ठंड में व कोहरे में ट्रांसफार्मर न लगने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

इस अंधेरी रात में ग्रामीणों को चोरी की दहशत भी बनी रहती हैं। लेकिन ग्रामीणों द्वारा बार बार बिजली घर पर शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही हैं। और जब ग्रामीण विद्युत विभाग के अधिकारियों को कॉल करते हैं तो उनकी कॉल नहीं उठाई जाती हैं लगता हैं बिजली विभाग के अधिकारों को शिकायत करने का कोई असर नहीं पड़ता है। अब देखना यह है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मर पोल पर रखवाया जाता हैं या नहीं।

# चोरों ने पंचायत घर का ताला तोड़कर की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचायत घर का ताला तोड़कर उसमें रखा इन्वर्टर व बैट्री चोरी करके ले गए , ग्राम प्रधान व सचिव ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। उसावां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुधुऊ के मझरा दलेलगंज में बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचायत घर का ताला तोड़कर उसमें रखा इन्वर्टर व बैट्री चोरी करके ले गए , शनिवार को सुबह ग्राम प्रधान को जानकारी हुई , ग्राम प्रधान राजाराम व सचिव नेम सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर दी है , पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को तमंचे सहित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदेश कठेरिया , बिसौली पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते थाना फैजगंज वेहटा थाना प्रभारी राजकुमार सिंह के नेतृत्व में आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , हेड कांस्टेबल अंशुल कुमार , सुनील कुमार , प्यारे खां , आकाश ढाका , होमगार्ड रामपाल यादव आदि की टीम में एक युवक को मय तमंचे के गिरफ्तार किया । बताया जा रहा है कि आसफपुर क्षेत्र के गांव बसौमी निवासी युवक हरिशंकर ( 19 वर्ष ) पुत्र रामौतार अपने गांव में ही शिव मंदिर के पास होकर गुजर रहा था कि इसी दौरान मुखबिर ने इसकी सूचना सम्बंधित पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को मय तमंचे के गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की । यह मामला मंगलवार का बताया जा रहा है । हम आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को सफल बनाने के लिए थाना फैजगंज वेहटा थाना प्रभारी राज. कुमार सिंह , पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , प्रमोद कुमार नेहवाल सहित पुलिस परिवार आला अधिकारियों की मंशा के अनुरूप खासा सक्रिय हैं । जिसके चलते क्षेत्रीय आपराधिक प्रवृत्ति के लोग बेहद खौफजदा नजर आ रहे हैं ।

# शिकायतों का गंभीरतापूर्वक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 48 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 25, विद्युत की 04, नगर पालिका परिषद की 03, खाद एवं रसद विभाग की 02 ग्राम्य विकास विभाग की 02, पुलिस विभाग की 06 व अन्य विभागों की 06 सहित कुल 48 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त बढ़ते कोहरे व सर्दी के दृष्टिगत स्ट्रीट लाइट व अन्य व्यवस्थाओं को जांचने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस व प्रशास. निक अधिकारियों के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज के निकट तिराहे तक का मुआयना भी किया। इस अवसर पर सीडीओ केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली बकाएदारों के लिए बड़ा मौका: अमित कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विद्युत विभाग द्वारा एसडीओ अमित कुमार के नेतृत्व में नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विद्युत उपभोक्ताओं को ओटीएस वन टाइम सेटलमेंट योजना के बारे में जानकारी दी गई। एसडीओ अमित कुमार ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की कि वह सरकार कि इस भारी छूट का लाभ उठाते हुए अपनी बकाया धनरा. शि जल्द से जल्द जमा करें। उन्होंने बताया कि अलग-अलग टीमें घर-घर जाकर लोगों को छूट की विस्तृत जानकारी दे रही हैं और उनसे बिल जमा करने का आग्रह कर रही हैं। एसडीओ ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से विद्युत विभाग अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभांवित करना चाहता है। इस दौरान अवर अभियंता मो. मियां कुरैशी, अवर अभियंता देहात दिनेश कुमार, कमलेश कुमार, संगम, अनिल, उमेश, नवीन, मोहसिन रजा, ऐजाज. उद्दीन आदि उपस्थित रहे।



# कुंवरगांव में बढ़ती ठंड और कोहरे का असर, स्कूलों में छुट्टी, बाजारों में सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव।** लगातार बढ़ती ठंड और घने कोहरे के चलते जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए एहतियातन स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई, जिससे बच्चों को राहत मिली। ठंड और कोहरे के कारण नगर की दुकानों और बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। रोजाना चहल-पहल रहने वाली मुख्य बाजार और गली-मोहल्लों की दुकानों पर ग्राहक बेहद कम नजर आए। व्यापारी समय से पहले ही दुकानें बंद कर घर लौटते दिखे। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। नगर के कई स्थानों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। वहीं अधिकांश लोग जरूरी काम न होने पर घरों से बाहर निकलने से बचते रहे।लगातार गिरते तापमान और घने कोहरे के चलते आम जनजीवन प्रभावित है। लोग मौसम साफ होने और ठंड से राहत मिलने का इंतजार कर रहे हैं।



# एक नजर

## मां-बेटी द्वारा हड़पा जा रहा गर्भवती एवं बच्चों को मिलने वाला पोषाहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवरगांव।** विकास खण्ड सालारपुर की ग्राम पंचायत हसनपुर एवं फकीराबाद में बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को मिलने पोषाहार का वितरण न करके गबन किया जा रहा है। जबकि विकास खण्ड सालारपुर प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खण्ड में चयनित विकास खण्ड है।

जिसमें मयंक सिंह मुख्यमंत्री शोधार्थी के रूप में विकास खण्ड सालारपुर में कार्यरत हैं। मयंक सिंह को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत हसनपुर में कीर्ति शास्त्री एवं फकीराबाद में उसकी बेटी ममता कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्री न तो ग्राम में आंगनवाड़ी केन्द्र पर जाती हैं और न ही उनके द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पोषाहार का वितरण किया जा रहा है। मयंक सिंह द्वारा शिकायत की जांच करने पर उनके द्वारा शिकायत सही पाये जाने पर आख्या खण्ड विकास अधिकारी नितिन कुमार को दी गई। जिसके क्रम में खण्ड विकास अधिकारी नितिन कुमार के द्वारा दोनों ग्राम में जांच करने पर पाया गया कि कीर्ति शास्त्री, ग्राम हसनपुर एवं ममता, आंगनवाड़ी कार्यकत्री फकीराबाद पर तैनात हैं ।

जिनके द्वारा न तो आंगनवाड़ी केन्द्रों को खोला जा रहा है और न ही गर्भवती महिलाओं व बच्चों को मिलने वाला पोषाहार का वितरण किया जा रहा है। जब लाभार्थियों द्वारा पोषाहार की जाती है तो दोनों महिलाएं उनको को धमकाती हैं तथा हरिजन एक्ट लगवाने की धमकी भी देती हैं। जांच के दौरान गांव की पूजा पत्नी हरिओम,आरती पत्नी भगवानस्वरूप,कुसुमा पत्नी रवि,सुषमा पत्नी विकास,सुमन पत्नी कृपाल, निवासी ग्राम हसनुपर एवं रामप्यारी पत्नी बुद्धपाल, गोमती पत्नी जुगेन्द्र एवं ऊषा पत्नी होडिल निवासी ग्राम फकीराबाद द्वारा जांच के समय अवगत कराया गया कीर्ति शास्त्री द्वारा उन्हें पोषाहार नहीं दिया जाता है और न ही गांव में बने आंगनवाड़ी केन्द्र पर बैठती हैं शिकायत करने पर धमकाती हैं तथा एस0सी0 एक्ट लगवाने की धमकी देती हैं। जांच के समय यह भी ज्ञात हुआ कि कीर्ति शास्त्री और ममता आपस में मां-बेटी हैं और दोनों मिल कर बाल विकास विभाग के पोषाहार का गबन कर रही है नितिन कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सालारपुर द्वारा प्रकरण में शिकायत सही पाये जाने पर कीर्ति शास्त्री, आंगनवाड़ी कार्यकत्री हसनपुर एवं ममता आंगनवाड़ी कार्यकत्री फकीराबाद के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की संस्तुति सहित जांच मुख्य विकास अधिकारी महोदय को प्रेषित की गई है।

# चेयरमैन इसरार खान ने किया गौशाला का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर पंचायत फैजगंज बेहटा में स्थित गौशाला का नगर पंचायत चेयरमैन इसरार खान ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश के रहने खाने के साथ-साथ ठंड से बचाने के लिए किए गए उपायों का बारीकी से निरीक्षण कर कर्मचारियों को निर्देश दिए। खान ने निरीक्षण के दौरान केयर टेकर से गोवंश को ठंड से बचाने के लिए झूल ओढ़ाने और अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरे चारे सहित भूसा आदि की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बिहारी स्वीट्स की दुकान जलकर राख

पड़ौसियो ने जान जोखिम में डालकर गैस से भरे सिलेण्डर निकाले

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** बीती रात नगर के प्रतिष्ठित बिहारी स्वीट्स की दुकान जलकर राख हो गयी। जिसमे लगभग पचास लाख रूपये से ज्यादा का भारी नुकसान हो गया। जो नगर में चर्चा का विषय है। विदित बिहारी स्वीट्स के मालिक योगेन्द्र कुमार गुप्ता नगर के समाज सेवी है जो सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसीलिए उनकी दुकान आग की चपेट में आने से अत्यंत दु:ख है। विदित हो पड़ोसी नगर एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित सम्मानित नेत्र चिकित्सक मरहूम डॉ0 जमील साहब के परिवार ने जान जोखिम में डालकर चार-पाँच गैस से भरे सिलैण्डर जलती आग में से निकाले और लोगो को सुरक्षा प्रदान की इधर दूसरे पड़ोसी डॉ0 संजीव विश्वास ने भी पूरी जिम्मेदारी से दुकान में गली आग बुझाने में पूर्ण सहयोग किया। लोग दुकान के पास सभी पड़ोसियो की भूरि-भूरि सराहना कर रहे है।



सूत्रो के कथनानुसार दुकान में आग बिजली सर्किट फाल्ट होने के कारण लगी या फिर जलता हुआ रूम हीटर के कारण लग गई होगी।

इसीलिए लोगो को जाड़ों के मौसम में रूम हीटर व अन्य उपकरणों के उपयोग के बाद जिम्मेदारी से बंद कर देना चाहिए। जिससे भविष्य में ऐसी आग लगने की पुनरावृत्ति न हो। सभी लोग सर्दी के मौसम में आग से तपे और तपाये। तथा सर्तकता व सावधानी के साथ।

# शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह पुंडीर के नेतृत्व में पुलिस बल ने बाजार व भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पैदल गश्त की। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संदेश दिया। शनिवार को इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह पुंडीर ने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इंस्पेक्टर श्री पुंडीर ने स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से मुलाकात कर वार्ता की। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसएसआई शिवेंद्र सिंह भदौरिया, चौकी इंचार्ज अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# चेयरमैन बार काउंसिल शिव किशोर गौड़ ने मुंसिफ कोर्ट बिसौली में वोट मागें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य पद पर एड. शिव किशोर गौड़ ने बिसौली मुंसिफ कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से संपर्क कर समर्थन मांगा। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया और अपने पक्ष में मतदान की अपील करते हुए ।

पोस्टर व कैलेंडर जैसी प्रचार सामग्री भी वितरित की। शुक्रवार को चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रत्याशी सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश शिव किशोर गौड़ ने बिसौली मुंसिफ कोर्ट पहुंचकर न्यायालय परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं से मुलाकात की। गौड़ ने व्यक्तिगत रूप से वरिष्ठ अधिवक्ताओं से भेंट कर उनका आशीर्वाद, सहयोग और समर्थन प्राप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की गरिमा, सुरक्षा और अधिकारों के लिए प्रभावी भूमिका निभाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इस दौरान राम शरण शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, प्रवीण शर्मा, एजाज खां, दिग्विजय शर्मा, सौरभ शर्मा, अब्दुल हसन, बलवीर मिश्रा, रामलखन, पन्नालाल, अंसार अली, अवनीश कुमार, मनोज शर्मा, चौधरी विजय सिंह, सतेंद्र शर्मा, राजकुमार पाल, अनिल सक्सेना, शोभित सक्सेना, तसलीम इदरीसी, कौशल सक्सेना, अभिषेक माथुर, अजीम, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम दास ने आपने सम्बोधन में कहा कि जन्म शताब्दी के अवसर पर वाजपेई जी को याद करना केवल अतीत का गुणगान नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में अटल जी के योगदान विषय पर निबंध लेखन तथा उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया। मंच का संचालन आनन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम में सुधाकर शर्मा, मनोज कुमार, विपिन शर्मा, रेनू कुमारी, विनोद कुमार, साक्षी, शिवानी, अंशिका, कामेन्द्र सिंह, अमित पाराशरी, प्रकाशवीर, हरदीप सिंह आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# 121 गरीब महिलाओं को साड़ी और कंबल किए वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव ।** गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले डा भीकम सिंह गरीबों के हित में सेवा करने से कभी पीछे नहीं रहते हैं ।वह हमेशा गरीबों के कपड़े और भोजन की व्यवस्था समय समय पर करते रहते हैं । डाक्टर भीकम सिंह मूल रूप से कुंवर गांव थाना क्षेत्र के गांव कासिमपुर के निवासी हैं वह कुंवर गांव में रहकर साईं हास्पिटल चलाते हैं । शनिवार को भीकम सिंह की बेटी अनवी वर्मा व रूतवी वर्मा का तीसरा जन्मदिन था इस उपलक्ष्य में उन्होंने अपने हॉस्पिटल पर 121 गरीब महिलाओं को साड़ी और कंबल वितरण किए । और गरीब महिलाओं को भोजन कराया । डाक्टर भीकम सिंह इससे पहले भी वर्ष 2019 में 251 गरीब महिलाओं को साड़ियां बांट चुके हैं वहीं कई गरीब बेटियों की सादी में गद्दा ,बैड , बर्तन ,का सहयोग कर चुके हैं ।वह बेटी हर जन्मदिन पर गरीब महिलाओं को वस्त्र बांटकर मदद करते हैं । डाक्टर भीकम सिंह ने बताया कि यह सब वह साईं बाबा की कृपा से करते हैं अपनी आमदानी के स्रोतों से कुछ अंश साईं बाबा के नाम से इकट्ठा करते हैं उसके बाद वह गरीबों की सेवा में खर्च कर देते हैं ।कार्यक्रम के दौरान साड़ियां पाकर वृद्धजनों और गरीब महिलाओं के चेहरे खिल उठे उन्होंने बेटीयों के खुशहाल जीवन और लम्बी उम्र की कामना की ।इस मौके डाक्टर मुनेन्द्र सिंह,पोपीराम वर्मा,आलोक वर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# दो दिवसीय सचिव एवं पंचायत सहायकों का ओ एस आर प्रशिक्षण का ए डी ओ पंचायत ने किया शुभारंभ




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ऑन सोर्स रेवेन्यू ( ओ एस आर )के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ ए डि यो पंचायत ब्रह्म नारायण शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया । विकास खण्ड कादर चौक के सभागार में सचिवों एवं पंचायत सहायकों का दो दिवसीय अनवासीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । मास्टर ट्रेनर सुषमा राठौर एव राजेश कुमार सक्सेना ने ओ एस आर का उद्देश्य ,केंद्र वित्त ,राज्य वित्त ग्राम पंचायत अपने स्तर से कैसे धन अर्जित कर सकती हैं । ग्राम पंचायत किन-किन स्रोतों से पैसा इकट्ठा कर सकती हैं ।आदि के बारे में चर्चा की । मास्टर ट्रेनर सलमान जमीर एवं मोहम्मद हसन ने ओ एस आर क्या है ओ एस आर के प्रकार ओ एस आर के लाभ आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की । इस प्रकार आय के स्रोत तालाबो द्वारा ,खनन द्वारा, व्यवसाय द्वारा, कूड़ा कलेक्शन, समुदाय भवन ,आ दि से हम लोग अपनी-अपनी ग्राम पंचायत की आमदनी को बढ़ा सकते हैं । इस मौके पर सचिव संयम शुक्ला एवं उदित चंद्र तथा पंचायत सहायकों में विकास कुमार , हुकुम सिंह, नीतू श्रीवास्तव, सुमन , अभिषेक , बबली शाक्य , विपिन कुमार, श्यामवती, उमा , रीना, रीना गुप्ता, शिवरानी ,रेखा ,गुड़िया, रानी , जिनीता ने प्रतिभाग किया । विशेष आयोग धनेंद्र प्रताप का रहा ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी, कोई भी बन सकता है प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष: राजीव

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ की पार्टी है। यहां कोई भी मेहनती बूथ अध्यक्ष कभी भी जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीयअध्यक्ष बन सकता है। इसलिए, कार्यकर्ता कभी भी अपने पद लिहाज से छोटा ना आंके। उन्होने सभी पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ को मेहनत से काम करने की अपील की। पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस, बसपा और समाजवादी पार्टी परिवारवाद का प्रतीक है। वहां कोई कार्यकर्ता कभी आगे नही बढ़ सकता। सिर्फ बड़े नेता से लेकर उसकी पीढ़ी दर पीढ़िया ही वह जिम्मेदारी संभालती है। जबकि, भाजपा एक लोकतांत्रिक संगठन है, जिसमे मेहनती कार्यकर्ता को मेहनत और समर्पण के आधार पर बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन में सभी स्तरो पर अभिव्यक्ति और भागीदारी का मौका मिलता है और पार्टी का ढांचा ऐसा है कि यदि कोई कार्यकर्ता पूरी लगन से संगठन से जुड़ा रहे, तो उसे बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश व राष्ट्रीय जिम्मेदारियो तक आगे बढ़ने के अवसर मिल सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से आहवान करते हुए कहा कि आगामी पंचायत चुनाव की दृष्टि से अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। पंचायत चुनाव में न सिर्फ जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने जिताने है, बल्कि क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष तक अपना बनाना है। हमें अपने कार्यकर्ताओ की क्षमता और मेहनत पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की नीतियां, सरकार की योजनाओ के बारे में जानकारी दें। इस अवसर पर चंदन वैश्य, अंकित गुप्ता, शरद गुप्ता, जय कुमार मोन्टू आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।



मण्डल अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा

# जिलाधिकारी व एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर बड़ौत तहसील में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक समस्या का समाधान संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं को गंभीरता से लेना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शनिवार को आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में खेकड़ा तहसील में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। बागपत तहसील में 38 शिकायतें आईं, जिनमें से 8 का निस्तारण किया गया। बड़ौत तहसील में 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनता दर्शन के समय समस्त अधिकारी अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहें और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के माध्यम से अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ेंगे। यह सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित दिव्यांगजनों को कंबल वितरित कर सम्मानित किया तथा जिन दिव्यांग. जनों की पेंशन या दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बने थे, उनके लिए मौके पर पेंशन एवं प्रमाण पत्र बनाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसील दिवस में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित विभिन्न विभागों के कैंप लगाए गए तथा पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने बड़ौत तहसील का निरीक्षण किया और संबंधित अभिलेखों को अपडेट करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जो पुराना रिकॉर्ड है उसकी विडिंग कराई जाए किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो। इस अवसर पर एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, डिप्टी कलेक्टर/ जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्योति शर्मा ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल डीएफओ विनोद कुमार पुलिस क्षेत्राधिकार सहित आदि उपस्थित रहे।

# परचून की दुकान से नकदी व सामान चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल में ईदगाह के पास एक परचून की दुकान के पीछे से कुबंल कर अज्ञात चोर हजारों की नगदी और समान चोरी कर ले गये पुलिस जांच में जुटी है।

रटौल निवासी रिजवान पुत्र मेहरदीन की रटौल-लोनी मार्ग पर आयशा मस्जिद के पास एक परचून की दुकान है रात्रि किसी समय अज्ञात चोर दुकान के पीछे खाली बने प्लाट में पहुंचे और दुकान में कुबंल कर दुकान में घुस गये और गल्ले में रखे दस हजार रूपये और सिगरेट और खाने का समान चोरी कर ले गये सुबह जब रिजवान अपनी दुकान पर पहुंचा तो दुकान खोलते ही उसे दुकान के पीछे कुबंल नजर आया उसने पैसा देखा तो गल्ले से दस हजार रूपये और सिगरेट सहित अन्य समान चोरी मिला उसने शोर मचाया तो आस पास के लोग इखटा हो गये सूचना मिलते ही रटौल पुलिस चौकी इंचार्ज भूपेन्द्र सिंह मौकें पर पहुंचे और जांच की पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। रटोल चोकी इंचार्ज का कहना है कि रास्ते पर लगे सीसीटीवी केमरों की जांच की जा रही है की सीसीटीवी की सहायता से जल्द चोरों का पता लगा कर कार्यवाही की जायेगी।

# हाईवे पर मछली से भरा केंटर पलटा, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सिंगोली तगा गांव के पास मछली से भरा केंटर पलटने से लाखो का नुकसान हुआ है।

आरिफ पुत्र फिरोज निवासी जयपुर व केंटर चालक यामीन निवासी विकास पुरी दिल्ली गजरौला से मछली केंटर में भरकर उतम नगर दिल्ली जा रहा था। जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सिगोली तगा गांव के समीप पहुंचा तो केंटर का टायर फट गया।

जिससे केंटर सड़क किनारे जा पलटा जिससे केंटर में भरी मछली एक्सप्रेस-वें और नीचें बिखर गयी। लोगो ने देखा तो वहा भीड़ इखट्टा हो गयी। वही मछली लूटने लगे जिससे वहा भगदड़ का माहौल बन गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और केंटर चालक सहित मछलीयों को एक किनारें लगवाया। वही पीड़ित ने बताया की लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ है। वही एक्सप्रेस-वें पर भी अफरा तफरी का माहौल रहा।



# कोहरे के चलते ठंड से ठि्ठरे स्कूल के बच्चें, वाहनों की रूकी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कोहरे के चलते जहां स्कूल जानें वाले छोटे बच्चें ठि्ठुरते नजर आये वही वाहनों की रफ्तार में भी ब्रेक लगा है जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

कोहरे के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वही सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जानें वाले छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। स्कूल जाते समय बच्चें ठि्ठुरते नजर आये। इसके अलावा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर भी वाहनों की रफ्तार में ब्रेक लगा है। वाहन चालक वाहनों को साइड में खड़ा कर को. हरा छटने का इन्तजार करते नजर आये। वही दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा आदि स्थानों पर नौकरी करने वाले लोगो को सबसे जायदा परेशानी उठानी पड़ रही है, जहा वाहनों की रफ्तार कम होने के कारण नौकरी पेशा लोग कोहरे के चलते परेशान नजर आये।



## एक नजर

# ग्रामीणों ने बिजली घर बनवाने की मांग को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को टांडा के ग्रामीणों ने डीएम बागपत को ज्ञापन देकर टांडा गांव में बिजली घर बनवाने की मांग की गई टांडा गांव के लोग ग्राम प्रधान नवाजिश खान के नेतृत्व में डीएम बागपत से मिले। उन्होंने ग्राम पंचायत के जमीन में बिजली घर बनवाने की मांग की।

ग्राम प्रधान नवाजिश खान ने डीएम बागपत को बताया कि टाडा गांव में ग्राम पंचायत की जमीन खाली पड़ी हुई है जिस पर दबंग लोग कब्जा करना चाह रहे हैं। दबंग से जमीन को मुक्त कराकर बिजली घर बनवाया जाए। टांडा गांव में 4000 से ऊपर विद्युत विभाग के कनेक्शन चालू है। डीएम बागपत ने तुरंत विद्युत विभाग को जांच कराकर बिजलीघर घर बनवाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में रियासत का मेहरबान शराफत खान हनीफ विनोद कुमार शरीफ खान परविंदर चौधरी बृजेश नौशाद रहे इसके अलावा टांडा गांव के ग्राम प्रधान मोहम्मद नवाजिश खान ने डीएम बागपत से बस्ती के ऊपर से गुजर रही एच टी लाइन को हटाने की मांग की उन्होंने कहा कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इससे पूर्व में भी कई आज से तार टूट कर गिर जाने से हो चुके हैं। आबादी के ऊपर से लाइन हटवाने की मांग की गई।

# गन्ना क्रय केन्द्र बदलवाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के जिवाना गुलियान के किसानों ने मलकपुर शुगर मिल के गन्ना क्रिय केंद्र को बजाज शुगर मिल किनौनी केंद्र में बदलवाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि जिवाना गुलियाना के किसानों का क्रय केंद्र मलकपुर चीनी मिल से हटाया जाए। इस केंद्र को किनौनी मिल से जोड़ा जाए तभी जाकर किसानों का गन्ना समय से जा सकेगा और किसानों को उसका भुगतान समय से मिल सकेगा। डीएम बागपत ने किसानों को आश्वासन देते हुए गन्ना विभाग को अवगत कराया है। प्रदर्शन करने वालों में हरेंद्र सिंह सेंसेरपाल सुखपाल सिंह राजेंद्र सिंह हरवीर सिंह कृष्णा चौधरी प्रवीण चौधरी वीरेंद्र चौधरी हरेंद्र सोलंकी संजीव सोलंकी सेंसेरपाल बाबूराम सोलंकी सुखपाल सिंह राजेंद्र सिंह हरवीर सिंह चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया तहसील बड़ौत का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को तहसील बड़ौत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील के सभी पटलों का क्रमवार निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा खसरा-खतौनी सहित राजस्व अभिलेखों की स्थिति के संबंध में जानक. ारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पटल का कार्य व्यवस्थित एवं नियमों के अनुरूप किया जाए। तहसील में उपलब्ध समस्त अभिलेख व रिकार्ड सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाएं तथा पत्रावलियों से संबंधित रजिस्टरों का नियमित रूप से संधारण किया जाए। उन्होंने तहसील परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कार्य में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि कंप्यूटर पर कार्य करने वाला कार्मिक दक्ष एवं प्रशिक्षित होना चाहिए। पुराने अभिलेखों के अवलोकन के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जीर्ण-शीर्ण अभिलेखों की विधिवत वीडिंग कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तहसील में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक किसान एवं नागरिक के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित एसडीएम भावना सिंह एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेएसआर फार्म हाउस पर देसी गौशाला का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जेएसआर फार्म, बड़ौत में जन उदय फाउंडेशन द्वारा खेलो युवा अभियान के अंतर्गत जनपद बागपत के 100 स्थानों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की नि:शुल्क वॉलीबॉल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं को नशे से दूर रखने, खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जन उदय फाउंडेशन के सचिव दीपक राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खिलाड़ियों को वॉलीबॉल किट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने जेएसआर फार्म हाउस का भी भ्रमण किया। भानु प्रताप ने बताया कि यह जनपद बागपत की पहली देसी गाय आधारित गौशाला है, जहां से ऑर्गेनिक व आयुर्वेदिक विधि से देसी घी का निर्माण किया जाता है। साथ ही फार्म में जैविक खेती एवं फूड प्रोसेसिंग की आधुनिक विधियों को भी जिलाधिकारी ने देखा और संबंधित कार्यों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन एवं टीम भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। कार्यक्रम में एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, उद्यान विभाग के पूर्व निदेशक जी.बी. रटोड़ी, पूर्व आईआरएस अधिकारी डा. ईश्वर सिंह, कार्यक्रम संचालक भानु प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मी के फ्लैट में लगी आग, लाखों का सामान राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के मसूरी गांव स्थित एनबीसी बिल्डिंग के सी-ब्लॉक में एक पुलिसकर्मी के फ्लैट में अचानक आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पुलिसकर्मी भरत अपने परिवार के साथ इसी फ्लैट में रहते हैं। घटना के समय भरत अपनी ड्यूटी पर थे, जबकि उनकी पत्नी बच्चों को स्कूल बस में छोड़ने के लिए फ्लैट से बाहर गई हुई थीं। अचानक फ्लैट से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग लगने के कारणों का अभी तक सही पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया। आग लगने के बाद आसपास के परिवारों में हड़कंप मच गया था, हालांकि आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।



# खेत पर काम कर रहें किसान पर सांड का हमला, गम्भीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिगोली तगा गांव में खेत पर गये एक किसान पर आवारा सांड ने हमला बोल घायल कर दिया जिससे उसे सर में गम्भीर चोटे आयी है। ग्रामीणों ने उच्च अधिका. रियों से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

सिगोली तगा निवासी किसान सुरेश त्यागी शुक्रवार शाम को अपने खेत पर गया था जहा उसनें गाजर की फसल बो रखी है। उसनें जब फसल में आवारा पशुओं को बड़ा देखा तो उसने जैसे ही उन्हें भगाने का प्रयास किया तो एक सांड ने उसे जोरदार टक्कर मार पटक दिया। जिससे किसान के सर में गम्भीर चोटे आयी। वही हाथ में भी फेक्चर हो गया। पडौस में काम कर रहे किसानों ने देखा तो दौड़कर वहा पहुंचे और आवारा पशुओं को भगाते हुए सुरेश को उठाकर रटौल चिकित्सक के यहा ले गये जहा किसान के 14 टाकें आये। वही ग्रामीणों ने बताया की आवारा सांड अब तक कई लोगो पर हमला बोल घायल कर चुका है। ग्रामीणों नें उच्च अधिकारियों से आवारा सांड को पकड़वाने की मांग की है।



# जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को किए कंबल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को जन-जन विकास विकलांग समिति के तत्वाधान में अमरपाल सिंह के नेतृत्व में एक ज्ञापन डीएम बागपत अस्मिता लाल को सोफा गया। ज्ञापन में कड़ाके की ठंड में विकलांगों को कंबल वितरण करने की मांग की गई। डीएम बागपत अस्मिता लाल ने समस्या का समाधान करते हुए तुरंत ही विकलांगों संपूर्ण समाधान दिवस पर सभी विकलांग लोगों को कंबल वितरण किये। इस मौके पर वीरेंद्र धीरेंद्र अमरपाल सेवाराम महेंद्र सुभाष चंद्र कश्यप मुन्नी देवी अनुज तोमर तेजपाल परविंदर शबनम शाहिद सुशीला रेखा आदि विकलांग लोगों को कंबल वितरण किये।



# एसपी ने कार से हटवाई काली फिल्म, चालक को दी सख्त हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद एसपी सूरज राय ने यातायात नियमों के प्रति अपनी गंभीरता दिखाते हुए एक सेंट्रो कार से काली फिल्म हटाई। यह घटना तब हुई जब एसपी बड़ौत तहसील दिवस से लौट रहे थे।

एसपी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि यातायात नियमों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने पुलिस को यातायात जागरूकता अभियान लगातार चलाने व नियमों का उल्लंघन करने वालों कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी सूरज राय बड़ौत तहसील दिवस में जनसमस्याएं सुनने के बाद बागपत लौट रहे थे। सरूरपुर गांव के पास उन्होंने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक सेंट्रो कार देखी, जिस पर काली फिल्म लगी हुई थी। एसपी ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और सेंट्रो कार को भी रुकवाया। उन्होंने खुद कार पर लगी काली फिल्म को हटाया। एसपी ने वाहन चालक को यातायात नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त हिदायत दी और कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



# दो सांडों की भिड़ंत से बाजार में मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अमीनगर सराय कस्बे में दो सांडों की भिड़ंत से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना मुख्य बाजार में करीब 20 मिनट तक चली, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, सराय बाजार में घूम रहे दो सांड अचानक आपस में भिड़ गए। उनकी लड़ाई इतनी भीषण थी कि मुख्य मार्ग करीब 20 मिनट तक जंग का अखाड़ा बना रहा। इस दौरान कई वाहन चालक बाल-बाल बचे। सांडों की भिड़ंत से दुकानों के बाहर रखा सामान भी अस्त-व्यस्त हो गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर सांडों को अलग करने का कई बार प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हुए। करीब 20 मिनट बाद, नगर पालिका के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद पानी डालकर सांडों को वहां से खदेड़ा। इसके बाद ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। व्यापारी मुकेश, राहुल और नौशाद ने बताया कि ये दोनों सांड काफी समय से बाजार में घूम रहे थे। उनकी भिड़ंत से बाजार में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही और व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने इस घटना को वर्चस्व की जंग बताया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं आए दिन होती रहती हैं, जिनसे निपटने के लिए आवारा पशुओं को समय पर गौशालाओं में पहुंचाया जाए और वहां उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।



# शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ईओ को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ता और पदा. धिकारी नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना से मिलने पहुंचे। उन्होंने शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए एक शिकायत पत्र सौंपा।

एसोसिएशन ने शिकायत की कि जल निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों को खोद दिया गया है, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मार्गों के शीघ्र दुरुस्तीकरण की मांग की। संगठन ने यह भी बताया कि कोहरे का मौसम चल रहा है और रात्रि में कुछ स्थानों पर अंधेरा रहता है, क्योंकि वहां लाइटें नहीं लगी हैं। उन्होंने ऐसे स्थानों को चिह्नित कर लाइटें लगाने की अपील की, ताकि मार्गों पर उचित उजाला हो और किसी को असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, एसोसिएशन ने कहा कि कई रास्ते और मोहल्ले ऐसे हैं, जहां लोग 20 वर्षों से रह रहे हैं, लेकिन वहां खड़ंजे और रास्तों का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने इन रास्तों पर खड़ंजे लगाने की मांग की, ताकि प्रत्येक निवासी को सुविधा मिल सके। सर्दी के मौसम में बेजुबान जानवरों को होने वाली कठिनाइयों का जिक्र करते हुए, उन्होंने उनके लिए रैन बसेरे और अस्थाई घोंसले बनाने की मांग की। इसका उद्देश्य पशु-पक्षियों को भीषण सर्दी से बचाना और उन्हें सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराना है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने एसोसिएशन को सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रियासत अली, इमरान मलिक सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# निःक्षय मित्रों को सम्मानित कर दिए प्रशस्ति पत्र

## डीएम ने किया सम्मान, टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में शनिवार को डीएम कैंप कार्यालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीएम द्वारा जनपद के क्षय रोगियों को पोषाहार उपलब्ध कराने वाली 18 संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



सम्मानित संस्थाओं में प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट हापुड़, शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट, वैश्य महिला सेवा समिति हापुड़, अग्रवाल महासभा महिला मंच हापुड़, क्यूब रूट्स फाउंडेशन, संजय कृपाल, बांके बिहारी हॉस्पिटल पिलखुवा, जीएस मेडिकल कॉलेज हापुड़, रामा मेडिकल कॉलेज हापुड़, सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी, संदेश संस्था, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़, रोटरी क्लब पिलखुवा सिटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पिलखुवा तथा गढ़ मुक्तेश्वर के पलवाड़ा से डा. तल्हा सहित अन्य संस्थाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर डीएम अभिषेक पांडेय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी ने जनपद के सभी नागरिकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति या संस्था निःक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता कर सकता है। निःक्षय मित्र रोगियों को मनोवैज्ञानिक सहयोग के साथ-साथ पोषाहार भी उपलब्ध करा सकते हैं। पोषाहार सामग्री में दलिया, गुड़, चना दाल, गजक, सोयाबीन, मूंगफली आदि दी जा सकती है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश कुमार, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी सहित अन्य अधिक. ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठंड व शीतलहर का प्रकोप, विद्यालयों में दो दिन का अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में लगातार बढ़ रही शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए बड़ा निर्णय लिया है। डीएम अभिषेक पांडेय के निर्देशों के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों में 22 और 23 दिसंबर, 2025 को अवकाश घोषित किया गया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पूठिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश जनपद में संचालित सभी परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड तथा संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों पर समान रूप से लागू रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 24 दिसंबर, 2025 से विद्यालय नियमित रूप से खुलेंगे। हालांकि, अवकाश के दौरान विद्यालयों में कार्यरत शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। इस अवधि में वे विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, परीक्षाओं से संबंधित कार्य, विभिन्न पोर्टलों पर ऑनलाइन कार्यों के निस्तारण तथा विद्यार्थियों से जुड़ी ऑनलाइन समस्याओं के समाधान का कार्य करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्रबंधनों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और विद्यार्थियों की सुरक्षा से कोई समझौता न किया जाए।



# ट्रैफिक पुलिसकर्मी की दबंगई, ई-रिक्शा चालक से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में ट्रैफिक पुलिसकर्मी की कथित दबंगई का मामला सामने आया है, जिसने पुलिस के व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने सवारी बैठा रहे एक गरीब ई-रिक्शा चालक के साथ पहले थप्पड़ों की बरसात की और बाद में उसकी गर्दन पर चाबी से हमला कर दिया। हमले के निशान ई-रिक्शा चालक की गर्दन पर स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने बताया कि वह सड़क किनारे ई-रिक्शा साइड में खड़ा कर सवारियां बैठा रहा था। इसी बात को लेकर ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा और बिना किसी चेतावनी के उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी।



आरोप है कि पुलिसकर्मी ने रिक्शा हटाने के नाम पर पहले उसके साथ मारपीट की और फिर चाबी से उसकी गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यातायात नियमों का उल्लंघन हो भी रहा था तो पुलिसकर्मी को कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए थी, न कि हिंसा का सहारा लेना चाहिए। इस तरह की बदसल. ूकी से आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास कमजोर होता है। यह मामला अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल, घटना को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना यह होगा कि मामले की जांच कर प्रशासन क्या कदम उठाता है और क्या पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# सांसद ने बांटे कंबल, बोले-शीतलहर में कोई असहाय नहीं रहेगा वंचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच गरीब, निराश्रित व असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राहत आयुक्त कार्यालय एवं जिला प्रशासन हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हापुड़ नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अरुण गोविल ने तहसील हापुड़ क्षेत्र के चिन्हित जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए आश्वस्त किया कि शीतलहर के दौरान जनपद हापुड़ में कोई भी जरूरतमंद या असहाय व्यक्ति राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध



कराए गए संसाधनों से वंचित नहीं रहेगा। सांसद ने तहसील प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने के लिए मजबूर न हो। यदि कहीं ऐसी स्थिति पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी रैन बसेरे में पहुंचाया जाए। तहसील प्रशासन द्वारा चिन्हित 250 लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और सांसद का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी, सदर एसडीएम ईला प्रकाश, तहसीलदार स्वाति गुप्ता, जिला आपदा विशेषज्ञ गजेन्द्र सिंह बघेल सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रति. निधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे पुल से युवक का खतरनाक स्टंट, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पुल से एक युवक द्वारा की गई खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक ऊंचे रेलवे पुल से नीचे लटककर जान जोखिम में डालते हुए स्टंट करता दिखाई दे रहा है, जबकि नीचे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी थी।

बताया जा रहा है कि घटना के समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार से वाहन गुजर रहे थे। अचानक पुल से लटकते युवक को देखकर कई वाहन चालकों में घबराहट फैल गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। गनीमत रही की इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, अन्यथा गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ प्रभारी राकेश यादव ने बताया कि डीएफसी रेलवे पुल पर इस तरह की स्टंटबाजी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह रेलवे संपत्ति और आम जनता की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है और पहचान होते ही उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पुलिस ने भी वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक की पहचान के बाद उसके विरुद्ध संगीन धाराओं में वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस और रेलवे प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जानलेवा स्टंटबाजी जैसी गतिविधियों से दूर रहें। साथ ही सोशल मीडिया पर इस प्रकार के वीडियो न बनाने और न ही साझा करने की सलाह दी गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।



# सड़क किनारे खेल रही बच्ची को स्कूटी ने मारी टक्कर, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे रोड स्थित पंजाबी कॉलोनी में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही एक स्कूटी ने सड़क किनारे खेल रही चार वर्षीय मासूम बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची उछलकर कई फीट दूर सड़क पर जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

हादसे के तुरंत बाद स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल बच्ची को लहूलुहान हालत में देखा और परि. जनों को सूचना दी। आनन-फानन में बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार पंजाबी



कॉलोनी निवासी सलोनी खरबंदा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बेटी पवित्रा घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित स्कूटी तेज गति से आई और बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें स्कूटी सवार की लापरवाही स्पष्ट दिखाई दे रही है। टक्कर के बाद चालक बिना रुके मौके से भाग गया। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल से तलाश कर 4 गुमशुदा मोबा. इल लौटाए, मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके असली स्वामियों को सौंप दिया। जिसमें विभिन्न कंपनियों के 4 मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल की सहायता से तलाश कर वापस किए गए।

हाफिजपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और गुमशुदा व खोए मोबाइल बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने 11,500 रूपये की कीमत का आईक्यू मोबाइलफोन, 17,999 रूपये का रियलमी मोबा. इल फोन, 12,499 रूपये की कीमत का रेडमी मोबाइल फोन और 15,999 रूपये की कीमत का सैमसंग ए-सीरीज़ मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किए है। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामी राजकुमार, निवासी ग्राम सावई, थाना हाफिजपुर, जिला हापुड़, जतिन, निवासी इमटौरी, थाना हाफिजपुर, जिला हापुड़, धर्मेन्द्र, निवासी हापुड़ और जगवीर, निवासी ग्राम हरसिंहपुर, थाना हाफिजपुर, जिला हापुड ने अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर खुशी जाहिर की और हापुड़ पुलिस, विशेष रूप से थाना हाफिजपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### चेकिंग के दौरान अवैध चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है।

थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस टीम आशियाना कॉलोनी के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। इसी क्रम में पुलिस को एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं, जिसे मौके पर रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सारिक उर्फ शारिक पुत्र नवाब, निवासी आवास विकास कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ बताया। पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एंटीरोमियो टीम ने अश्लील फब्तियां कसने वाले दो मनचलों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर की एंटीरोमियो टीम ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियां कसने वाले दो मनचलों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में महिलाओं ने राहत की सांस ली है।

थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्राम भटियाना गेट के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनीष पुत्र पप्पू निवासी ग्राम भटियाना थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ तथा बंटी पुत्र मुल्ला सादजी निवासी ग्राम भटियाना थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। दोनों आरा. ेपी सार्वजनिक स्थान पर लड़कियों और महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियां कस रहे थे, जिससे महिलाओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना हाफिजपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# भाकियू किसान सरकार ने टोल प्लाजा पर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के हापुड़ जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप एवं मंडल अध्यक्ष दयाचंद कश्यप के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने दादरी टोल प्लाजा और गवाना टोल प्लाजा पर पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर टोल मैनेजर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने टोल से संबंधित समस्याओं, विशेषकर मैसेज टोल पर नंबर जोड़ने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।

ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप ने कहा कि मैसेज टोल पर नंबर न जुड़े होने के कारण किसानों और वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि शीघ्र ही संबंधित नंबर जोड़े जाएं,



ताकि टोल संचालन में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित हो सके। टोल मैनेजर ने किसान यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी बातों को गंभीरता से सुना और मैसेज टोल पर नंबर जोड़ने का आश्वासन दिया। इस पर भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने टोल मैनेजर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राहुल, दयाचंद, राकेश त्यागी, बबलु, गजेन्द्र कश्यप, देवेन्द्र कश्यप, आकाश कश्यप, दीपक कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन ने स्पष्ट किया कि किसानों और आमजन से जुड़ी समस्याओं को लेकर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में एनुअल एथलेटिक्स मीट का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ में जेएमएस एनुअल एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। अंतर-स्कूलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित इस खेल महोत्सव में 38 विद्यालयों के लगभग 450 खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, सेक्रेटरी डा. रोहन सिंघल एवं प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण, पंजाबी सभा हापुड़ के सचिव कणिक केहर, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भारत एवं भारतीय दलित पिछड़ा वर्ग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दीपक चन्द्रा, जिला हैंडबॉल सचिव डा. डॉली त्यागी, पार्षद मोनू बजरंग, क्रीड़ा भारती नगर पिलखुवा अध्यक्ष राजेंद्र राठी एवं जिला मंत्री मनप्रीत खैरा उपस्थित रहे। वहीं डा. डॉली त्यागी ने कहा कि देश को खेलों में गौरवान्वित करने के लिए 2036 ओलंपिक की तैयारी आज से ही प्रारंभ करनी होगी।



स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग ने प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अर्जित किए। कार्यक्रम के समापन पर डा. आयुष सिंघल एवं डा. निधि मलिक ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में अंकुर, अमित, मनोज, मनप्रीत खैरा, नीरज, अवनीश, सचिन एवं नितिन सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। खेल भावना, अनुशासन और उत्साह से भरपूर यह आयोजन खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए अविस्मरणीय रहा।

# डीएम ने की निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम अभिषेक पाण्डेय ने की। बैठक में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा गो-आश्रय स्थलों के संचालक उपस्थित रहे।

बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के सभी संचालित गो-आश्रय स्थलों में ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके तहत तिरपाल, जूट-टाट के बोरों की झूल तथा अलाव की पूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित रूप से गो-आश्रय स्थलों तक पहुंचाने के लिए डीएम ने पिलखुवा नगर पालिका परिषद एवं जिला पंचायत के अधिकारियों को कैटल-कैचर क्रय करने के निर्देश दिए। बैठक में गो-आश्रय स्थलों के निकट चारागाह अथवा एलएमसी भूमि की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओपी मिश्रा ने जनपद में निर्माणाधीन नवीन वृहद गौ संरक्षण केंद्रों शेखपुर खिचरा द्वितीय, हिण्डालपुर, हिम्मतपुर एवं पारपा की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पारपा, हिण्डालपुर एवं हिम्मतपुर में निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत



पूर्ण हो चुका है। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन कान्हा गोशाला के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि का शीघ्र चिन्हांकन किया जाए। बैठक के अंत में डीएम अभिषेक पांडेय ने कहा कि निराश्रित गोवंशों का संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिका. रियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गोवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

# वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

## अलीगढ़ मार्ग पर हुआ हादसा, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अलीगढ़ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। अलीगढ़ मार्ग पर रूस्तमपुर गांव के समीप देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रहरा थाना क्षेत्र के गांव



बुरावली निवासी 30 वर्षीय नईम पुत्र मुकीम, पिछले काफी समय से अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ में रह रहा था। वह वहां रंग-पुताई का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार की रात वह एसआर फॉर्म भरवाने के सिलसिले में चंडीगढ़ से बाइक द्वारा अपने पैतृक गांव बुरावली लौट रहा था। जैसे ही वह हसनपुर के अलीगढ़ मार्ग पर स्थित रूस्तमपुर गांव के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नईम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी राहिल और 2 वर्ष की मासूम बेटी सनाया को छोड़ गया है। पिता की मौत से मासूम के सिर से साया उठ गया है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है, जिसके आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

## केवल औपचारिक नहीं बल्कि धरातल पर हो निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को चेताया कि शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि धरातल पर प्रभावी समाधान होना चाहिए। आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने पूर्व तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और कुछ मामलों में निस्तारण में देरी पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग की 18, पुलिस विभाग की 7, विद्युत विभाग की 1, नगर पालिका की 1 तथा जल निगम की 1 शिकायत शामिल रहीं। इनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को संदर्भित कर समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दुबे, उप निदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 2 लाख 39 हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक ठेकेदार का मोबाइल हैक करके साइबर अपराधियों ने पेटीएम की आईडी बनाकर बिना किसी ओटीपी बताए ही चार दिनों के भीतर दो लाख 39 हजार 644 रूपये निकाल लिए। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद निवासी आरिफ अली की एआर सिविल कन्सट्रक्शन के नाम से फर्म है, जिसका खाता नगर की पंजाब नैशनल बैंक शाखा में खुला है। बताते हैं कि आरिफ अली के मोबाइल को साईबर ठगों ने हैक कर लिया और

■ **पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके शुरू की छानबीन**

बिना ओटीपी के बताए ही पेटीएम की दूसरी आईडी बना ली। इसके बाद 12 दिसम्बर से लेकर 15 दिसम्बर तक 23 ट्रांजिक्शन करते हुए दो लाख 39 हजार 644 रूपये निकाल लिए। जब आरिफ अली को इस बात का पता चला तो उसके पैरों तले की जमीन खिसक गई। उसने तुरंत बैंक पहुंचकर पहले तो अपने खाते का लेनदेन बंद कराया, फिर थाना पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाले के पानी से 50 बीघा फसल तबाह

## डीएम को भेजा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर के नाले का गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने का खामियाजा एक बार फिर किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

नगर के मोहल्ला कोट पश्चिमी खेवान के किसानों की लगभग 50 बीघा से अधिक गेहूं, बरसीन और सरसों की फसल नाले के गंदे पानी में डूबकर पूरी तरह नष्ट हो गई है। पीड़ित किसानों का आरोप है कि पूठ रोड स्थित कच्ची पुलिया के पास नगर पालिका के नाले का गंदा पानी उनके खेतों में घुस रहा है। किसानों के अनुसार, आगे नाले का रास्ता कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बंद कर दिया गया है। जिससे पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में भर गया है। किसानों ने



बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका प्रशासन को इसकी सूचना दी। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अपनी मेहनत की फसल को बर्बाद होते देख किसान राजेंद्र, विमला देवी, सुशील, मूर्ति देवी, जगत सिंह और विक्रम ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। किसानों का कहना है कि जलभराव के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उनकी मांग है कि नाला अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। पानी की निकासी का स्थायी समाधान किया जाये। फसल के नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाये। इस मामले में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि पीड़ितों द्वारा शिकायत मिली है। जांच कर जल्द निस्तारण कराया जायेगा।

# पुलिस वैन में टक्कर मारने वाले पर चालक पर रिपोर्ट

## कोहरे के चलते ट्रक ने मारी थी टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। साप्ताहिक परेड में शामिल होने के लिए डिडौली क्षेत्र स्थित आरटीसी कैंपस जा रहे पुलिसकर्मियों से भरी वैन को टक्कर मारने में कार्रवाई की गई है। मामले में वैन चालक यशवीर सिंह की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, घायल सिपाहियों की हालत में अब पहले से सुधार बताया है। हादसा घने कोहरे के कारण हुआ था।

जानकारी के मुताबिक पुलिस विभाग में हर सप्ताह शुक्रवार को परेड कराई जाती है। पहले परेड मंडी समिति से संचालित रिजर्व पुलिस लाइन के मैदान में कराई जाती थी लेकिन जब से रिक्रूट आरक्षियों की ट्रेनिंग शुरू हुई है तब से परेड आरटीसी कैंपस में कराई जा रही है। एसपी खुद परेड का निरीक्षण करते हैं। इसके लिए पुलिस लाइन से सिपाहियों को लेकर पुलिस वैन आरटीसी कैंपस जाती है जो शुक्रवार सुबह करीब छह बजे सिपाहियों को लेकर आरटीसी कैंपस के लिए निकली थी। जैसे ही वैन अमरोहा देहात थानाक्षेत्र में जोया रोड घस्थित बंबूगढ़ चौराहे के पास पहुंची थी तभी कोहरे के कारण ट्रक ने पीछे से पुलिस वैन को टक्कर मार दी थी। भिड़ंत होते ही वैन में सवार पुलिसकर्मियों में चीख पुकार मच गई थी। जानकारी मिलते ही देहात थाना प्रभारी सनोज प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। घायल कांस्टेबल विनोद, अंजनी और प्रवीण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक्सरे में कांस्टेबल विनोद और अंजनी की पसलियों में फ्रैक्चर आया था। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में वैन चालक की तहरीर पर ट्रक नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हादसे की जांच की है। घायल पुलिस कर्मियों का उपचार कराया जा रहा है।

# हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल में स्पोर्ट्स वीक शुरू

## ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल में चार दिवसीय स्पोर्ट्स वीक प्राक्रम-3 का भव्य शुभारंभ किया गया। उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर भावना सैनी सहित शिक्षकगण उत्कर्ष अग्रवाल, बकेश कुमार, सनी दुआ, साक्षी सिरोही, मंजू महेश्वरी, पिंकी व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, वॉलीबॉल, बैडमिंटन समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। समापन एवं फाइनल मुकाबले 24 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे।

# अवैध खनन से लदी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली क्षेत्र में अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन विभाग और पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद खनन माफिया बेखौफ हैं। शुक्रवार रात पुलिस गश्त के दौरान मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर सीज किया गया।

डिडौली क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। लगातार जारी कार्रवाई भी माफिया के हौसले पस्त नहीं कर पा रही है। अब फिर एक मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर सीज किया गया है जिसका इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा था। शुक्रवार रात पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। उसी दौरान पुलिस टीम ने गांव पूरनपुर से श्योनाली मार्ग से होते हुए हाइवे की ओर जा रही ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। जिसमें अवैध तरीके से मिट्टी भरी हुई थी, जिसे पूरनपुर झील से अवैध खनन कर भरा गया था। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि की है। गौरतलब है कि खनन विभाग डिडौली क्षेत्र में किए जा रहे अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई कर रहा है लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है।

# मौलाना हबीब ने दरगाह पर की चादरपोशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी मौलाना हबीब हैदर आब्दी शनिवार को अमरोहा पहुंचे। शहर में बिजनौर रोड स्थित दरगाह हजरत सैय्यद हुसैन शाह शरफुद्दीन साहब पर चादरपोशी करते हुए देश में अमन-चैन, भाईचारे और समृद्धि की दुआ की। दरगाह परिसर में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए मौलाना हबीब हैदर आब्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा बिना किसी भेदभाव समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान बाकर रजा, मुजफ्फर अली खान, जावेद हैदर, जाफर सादिक, अली हैदर शन्नू ,अली रजा, हकीम सैय्यद हुसैन, हकीम सुहैल, आसिफ रजा हुसैन, आशी आबिदी आदि मौजूद रहे।

# किसानों को सर्किल रेट से मिले मुआवजा



## महबूब अली ने प्रमुख सचिव से की वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सदर विधायक एवं लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने ग्राम रामपुर घना, एवं मोहम्मदपुर के किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव से वार्ता की।

श्री अली ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर प्रमुख सचिव को बुलाकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया तथा ग्राम रामपुर घना, एवं मोहम्मदपुर के किसानों को उचित मुआवजा जल्द दिलाये जाने को कहा। प्रमुख सचिव ने विधायक को आश्वस्त किया कि संबंधित किसानों को शीघ्र ही उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। आज ग्रामवासियों श्री अली के आवास पहुंचे तथा उनका आभार व्यक्त किया व मुआवजे के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। विधायक महबूब अली ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# घर में घुसे तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला

## ग्रामीणों में दहशत, पिंजरा लगवाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चंद्रकुटी की मंढैया गांव में शुक्रवार तड़के उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेंदुआ घर में घुस आया। तेंदुए ने गाय के बछड़े पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात चंद्रकुटी की मंढैया निवासी रियाजुद्दीन घर में सो रहे थे। तड़के में करीब चार बजे तेंदुआ उनके घर में घुस आया और उसने गाय के बछड़े पर हमला कर दिया। तेंदुए ने बछड़े



के गर्दन और सिर पर गहरे घाव कर दिए। आहट होने पर रियाजुद्दीन की आंख खुल गई और उन्होंने घेर में खड़े तेंदुए को देख शोर मचा दिया। इसके बाद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर रियाजुद्दीन के घर के अंदर और बाहर जमा हो गए। ग्रामीणों का शोर सुन तेंदुआ बछड़े को छोड़ दीवार कूद जंगल की तरफ भाग निकला। आबादी के बीच तेंदुए को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। वहीं, तेंदुए के हमले में गंभीर घायल बछड़े ने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने तुरंत मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर राजीव वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जंगल में सर्च शुरू करते हुए ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के लिए कहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए मजबूत कदम नहीं उठा रहा है जिसके चलते ग्रामीणों में खौफ है।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को वापस कराई रकम

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। धोखाधड़ी कर बैंक खाते से निकाले गए पांच हजार रुपये पुलिस की सतर्कता से पीड़ित को वापस कराए गए। साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर बैंक खाते से निकाले गए पांच हजार रुपये वापस करा दिए हैं। खाते में पैसे वापस आने पर पीड़ित ने पुलिस के प्रयास की सराहना की तथा आभार व्यक्त किया। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर खुर्द निवासी आकाश कुमार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर अपराधियों ने एनसीआरपी पोर्टल के जरिए उनके खाते से 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेश प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल, सन्नी तोमर, कांस्टेबल टीटू बघेल व अंकित कुमार शिकायत की जांच की गई। पुलिस टीम ने साइबर अपराधियों को ट्रेस करते हुए शनिवार को आकाश के खाते में पांच हजार रुपये वापस ट्रांसफर करा दिए।

# 18 में से मात्र दो शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी धीरेंद्र प्रताप ने की। इस दौरान तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की उम्मीद लगाई।जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। समाधान दिवस के दौरान कुल 18 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें राजस्व विभाग की 08 शिकायतें,पुलिस विभाग की 4 शिकायतें,चकबंदी विभाग की 01 शिकायत, पूर्ति विभाग की 01 शिकायत,विकास विभाग की 01 शिकायत तथा अन्य 03 शिकायतें प्राप्त हुई। कुल 18 शिकायतों में से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 16 शिकायतों के संदर्भ में अपर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# गोभी की फसल का मुआवजा मिले

## भाकियू ने तहसील में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भारतीय किसान यूनियन शंकर के पदाधिकारियों ने जोरदार तरीके से किसानों की समस्याओं को उठाया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को एक ज्ञापन सौंपा और उनके त्वरित निस्तारण की मांग की। किसानों की प्रमुख मांगें और मुद्दे में यूनियन ने बताया कि क्षेत्र में गोभी की सही कीमत न मिलने के कारण किसानों को अपनी खड़ी फसल जोतनी पड़ी है। उन्होंने प्रभावित किसानों के लिए उचित मुआवजे की मांग की। साथ ही आम की खेती को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में एक बड़ा उद्योग (प्रोसेसिंग यूनिट) लगाने का सुझाव दिया। पदाधिकारियों ने चकबंदी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल



उठाये। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी गलत तरीके से चक आवंटन कर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसे तत्काल भ्रष्टाचार मुक्त करने की मांग की गई। बताया कि आवारा कुत्तों के हमले में अब तक लगभग दो दर्जन लोग जान गंवा चुके हैं। वहीं सड़कों पर घूम रहे छुट्टा गोवंश के कारण होने वाले हादसों में भी कई मौतें हुई हैं। मुख्यमंत्री की पांच साल पुरानी घोषणा के बावजूद हसनपुर चीनी मिल का विस्तारीकरण न होने पर रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# ब्राह्मण महासभा के नगराध्यक्ष का बीमारी के चलते निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगराध्यक्ष

■ **नगर पंचायत अध्यक्ष का भी लड़ा था चुनाव, सभासद भी रहे**

एवं पूर्व सभासद भाजपा नेता डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा का बीमारी के चलते शनिवार को निधन हो गया। वे नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भी लड़े थे और पूर्व सभासद भी रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

नगर के मुहल्ला बस्ती निवासी डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा अपनी हंसमुख छवि और मिलनसार आदत के चलते सबके चहेते थे। वे नगर के मुहल्ला



लक्ष्मीनगर से वार्ड सभासद भी रह चुके थे तो वहीं उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष का भी चुनाव लड़ा था, जिसमें वे उपविजेता रहे थे। वे पिछले दिनों से बीमार चल रहे थे, शनिवार को मेरठ के एक हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पर राजनैतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कीं और स्वजनों का ढ़ाढ़स बंधाया।

# निजी स्कूलों में एनसीईआरटी लागू करने व किसानों की समस्याओं को लेकर भाकिसं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक /रामपुर।** भारतीय किसान संघ जनपद रामपुर ने निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्क्रम अनिवार्य रूप से लागू करने तथा किसानों से जुड़ी गंभीर समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन शिक्षा विभाग के डीआईओएस को सौंपा। यह ज्ञापन संगठन की बैठक के उपरांत माधव भवन स्थित कार्यालय में दिया गया।



जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने बताया कि जनपद के अधिकांश निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्क्रम को पूर्ण रूप से लागू नहीं किया जा रहा है। निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से कॉपी-किताबों पर अधिकतम मूल्य अंकित कर अभिभावकों से वसूली की जा रही है। इसके साथ ही प्रत्एक विद्यालय की अपनी दुकान संचालित है, जहां से ही पाठ्ड सामग्री, ड्रेस, जूते-मोजे खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जाता है, जबकि यह सामग्री खुले बाजार में उपलब्ध नहीं होती।

उन्होंने मांग की कि जनपद के सभी निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों को एक समान रूप से अनिवार्य किया जाए, जिससे मजदूर और किसानों के बच्चों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

ज्ञापन में किसानों की अन्य समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने बताया कि आवारा गौवंश किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिसके प्रमाण संगठन के पास उपलब्ध हैं।

इसके अलावा यूरिया खाद की कालाबाजारी का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि दुकानदार प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर यूरिया बेच रहे हैं और किसानों को जबरन ऐसी कीटनाशक दवाएं दी जा रही हैं जिनकी आवश्यकता नहीं है। संगठन ने मांग की कि जिला कृषि अधिकारी स्वयं किसान बनकर जांच करें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन को अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री रमेश जी, जिला मंत्री राजीव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, रामव.ीर जी, अरविंद कुमार, सुमित कश्यप, हुलास राय, मिंटू तिवारी, सचिन शर्मा, राम बहादुर भगत जी, अरुण वास्तव, दिलजोत बाजवा, कुलदीप गुप्ता, सोहनपाल जी, राजेंद्र जी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संत गाडगे महाराज के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बाबा संत गाडगे महाराज के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 20 दिसंबर 2025 को डॉ। भीमराव अंबेडकर पार्क, रामपुर में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्व समाज के लोगों ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए चरन सिंह, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने कहा कि संत गाडगे स्वच्छता के जनक थे और उन्होंने गरीब, मजदूर, दिव्यांग व वंचित वर्गों के कल्याण के लिए आजीवन कार्य किया। उनके विचारों से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की गई।



वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे सादा जीवन, उच्च विचार के समर्थक थे और दहेज प्रथा, जातिवाद, अस्पृश्यता व अन्य सामाजिक कुरी.तियों के विरोधी थे। उन्होंने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे बड़ा माध्यम बताया।

कार्यक्रम में अशोक कुमार, वरुण दिवाकर एडवोकेट, रघुवीर सिंह दिवाकर सहित अनेक वक्ताओं ने विचार रखे। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# रजा नगर में स्काउट एवं गाइड कैम्प कार्यक्रम का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** राजकीय उ.मा. विद्यालय रजा नगर में स्काउट एवं गाइड कैम्प कार्यक्रम का समापन शनिवार को किया गया। जिसमें कार्यक्रम संरक्षक विनोद कुमार और प्रधमाचार्य शामिल रहे।

स्काउट एवं गाइड कैम्प कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की झल्कियों को प्रस्तुति देकर मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। जिसके बाद छात्र छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समापन के दौरान कन्या इण्टर कालेज रामपुर मुख्य अतिथि के रूप में मती जमाल फातमा शामिल रहीं।

इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि वेदपाल प्रधानाचार्य उ.मा. विद्यालय खेमपुर, कार्यक्रम प्रभारी मती सवा अन्जुम (सा.)शा. उ. मा0वित्रजामगर, और सहयोगी स्टाफ मती निशा रानी, गजेन्द्र सिंह, देवेंद्र दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# शिकायतः धमोरा बिजली घर जे.ई पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवादाता**

**शहजादनगर।** थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की एक करतूत सामने आई है। जिसमें एक ग्रामीण ने बिजली घर के कर्मचारियों पर पैसे मांगने का आप लगाया है। जिसकी ऑडियो व वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

दरअसल मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के मेघानगला कदीम व धमोरा बिजली घर से जुड़ा है। गांव निवासी लाखन सिंह पुत्र करन सिंह ने रामपुर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर धमोरा बिजली घर पर तैनात जे ई व बिजली कर्मचारियों पर आरोप लगाया है। कि उनके सहायक कर्मी सतपाल व राजवीर बीते चार दिन पूर्व मेघा नगला गांव में चेकिंग करने गए थे। इस दौरान प्रार्थी का कनेक्शन होने के बाद भी ग्रामीण की गैर मौजूदगी में केवल काटकर ले गए और ग्रामीण को बिजली घर पर भेजने का न्योता दे बैठे।

घर पहुंचे ग्रामीण ने बिजली कर्मियों से जब फोन पर बात की तो बिजली कर्मचारियों ने 15 हजार रूपए मांगने की बात कही जिसमें ग्रामीण लाखन सिंह ने बिजली कर्मी को 10 देने की बात कही। लेकिन इस दौरान कर्मचारी ने कहा कि साहब इतने रूपए में नहीं मानेंगे और यह बात फोन पर नहीं होती है बिजली घर आओ कहते हुए फोन काट दिया। जिससे कॉल पर बात की रिकॉर्डिंग हो गई। जोकि वायरल हो गई। जिसके बाद बिजली घर पहुंचे ग्रामीण ने 15 हजार रूपए देते हुए का वीडियो भी बना लिया। इस दौरान एक कर्मी ने कहा कि साहब से बात हो गई है। अब कोई भी कार्यवाही नहीं होगी तुम जाओ घर लाइन भी जोड़ दी जाएगी। जिसके बाद ग्राम अपने घर लौट आया। इस दौरान दो दिन बाद बिजली विभाग की ओर से जे ई दीतेश सक्सेना ने ग्रामीण लाखन सिंह पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज करा दी।

ग्रामीण ने रामपुर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जांच कर इंसाफ की गुहार लगाई है। ग्रामीण का कहना है। कि उससे पैसे मांगे गए थे। जिसका ऑडियो और वीडियो दोनों ही उसके पास मौजूद हैं।

## ग्रामीण का कनेक्शन होने के बाद भी काट दी लाइन

शहजादनगर थाना क्षेत्र के मेघा नगला गांव निवासी लाखन सिंह पुत्र करन सिंह का कहना है। कि उसकी पत्नी रूमा के नाम से घर का बिजली कनेक्शन है। जिसका कनेक्शन खाता नंबर 0760206000 है। कोई भी बकाया न होने के बाद भी घर की केवल काट कर बिजली विभाग के कर्मचारी ले गए।

एसडीओ और एक्सियंस साहब को फोन पर सूचना दी गई है। कि सात हजार रूपए लिए गए हैं।

फिर भी मुकदमा दर्ज करा दिया। यह सब झूठ है। पैसे किसी ने नहीं लिए हैं।

हम लोग गरीबी में दो चार हजार की हेल्प करने की बात करते हैं। हम पीछे नहीं हटते हैं।

**दितेश सक्सेना जे ई धमोरा बिजली घर।**

# राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने की। बैठक में राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां समेत कई अभिभावकों ने सुझाव रखे।

प्रधानाचार्य ने पंख पोर्टल के बारे में जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर सलीम अल्वी, मुनीर अहमद, रामचरन सैनी, मोहम्मद निजाम, होते लाल यादव, शाहिद अली, नबी हुसैन, छोटे, गुलाम साबिर, रहमत अली, बाबू खां व कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

# ख्वाजा फसाहत हसन शाह के कुल में उमड़ी जायरीनों की भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हजरत खवाजा मुहम्मद फसाहत हसन शाह रहमतुल्लाह अलैह कादरी चिश्ती अबुलउलाई जहांगीरी का 4 दिवसीय 25 वां सालाना उर्स मुबा.रक निहायत ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। भैंसोड़ी शरीफ स्थित हजरत खघ्वाजा मुहम्मद फसाहत हसन शाह की दरगाह शरीफ पर अकघीदतमंदों का तांता लगा हुआ है। आज उर्स का तीसरा दिन था, आपके चाहने वाले भैंसोड़ी शरीफ आकर हर तरफ अपनी अपनी अकीदत का इजहार कर रहे हैं। मुल्क के मुख्तलिफ हिस्सों तशरीफ लाए सूफी हजरात अपने अपने खेमों में लंगर का एहतेमाम करते हुए नजर आए। आज सुबह 6 बजे, रोज की तरह, कघुरआन ख्वानी का एहतेमाम हुआ जिसमें कघरी अनवर, हाफिज व कघरी जैनुल आबेदीन, कघरी उमर ने अपने साथियों के साथ कघुरआन ख्वानी में शिरकत की। कघुरआन ख्वानी के बाद दुआए खैर का एहतेमाम हुआ जिसमें हर किसी के लिए दुआएं खैर की गई।



आज सुबह 10:30 बजे इस साल के उर्स पाक का पहला कुल शरीफ हुआ, जिसमें उर्स में आए हुए सभी जायरीन हजरात व दादा मियां के चाहने वालों ने एक साथ हिस्सा लिया। कुल शरीफ की महफिल में कसीर तादाद में जाएरीन ने शिरकत की व आस पास के गांव के लोग सापरिवार उर्स के कघुल शरीफ में शिरकत करने के लिए निकले। इसके बाद लोग मेला परिसर में वस्तुओं की खघरीदारी करते हुए नजर आए। कुल शरीफ की महफिल में अरबी शजरा पढ़ा गया, इस महफिल का नूरानी रूहपरवार मंजर देखने के लायक था। कुल शरीफ के बाद सभी जायरीन ने एक दूसरे को उर्स की मुबारकबाद दी।

दरगाह शरीफ के सज्जादानशीन हजरत खघ्वाजा मुहम्मद सबाहत हसन शाह ने कुल शरीफ की महफिल में मुल्क में अमनो अमान और आपसी सौहार्द और भाई चारे के लिए दुआ की।

आज शाम को 9 बजे हलके जिक्र की महफिल का आयोजन होगा, उसके बाद महफिले कव्वाली का आयोजन होगा जिसका सिलसिला सुबह 5 बजे तक चलेगा।

कल सुबह 10:30 बजे इस साल के उर्स का गुस्ल व संदल शरीफ होगा। संदल शरीफ का जुलूस पूरे गांव में गश्त करता हुआ दरगाह शरीफ पर पेश किया जाएगा। और इसी के साथ इस साल के उर्स का इखघ्तेताम हो जाएगा।

# दो माह की बेटी को कब्जे में कर विवाहिता के साथ तीन युवकों ने किया बलात्कार

**पुलिस ने नही की कोई कार्रवाई पीड़ित के पिता ने की पुलिस कप्तान से की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर की एक विवाहित युवती की दो महा की बच्ची को कब्जे मे कर मोहल्ले के ही तीन युवको ने बारी बारी से बलात्कार किया शिकायत करने पर उसकी दो महा की बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए इस की शिकायत चौकी पुलिस से की लेकिन पुलिस ने युवको के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की पीड़ित युवती के पिता ने इसकी शिकायत पुलिस कप्तान से की है नगर के मोहल्ला निवासी एक व्यक्ती ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायत पत्र मे तीन युवको पर घर मे घुसकर अपनी विवाहित पुत्री से बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह तीनो युवक उसकी पुत्री पर काफी समय से बुरी रखते थे उसके साथ रास्ते मे आते जाते छेड़छाड करते थे इन युवको की वजह से उसको अपनी पुत्री की बढाई भी बन्द करनी पड़ी समय समय पर इन युवको के खिलाफ चौकी पुलिस से शिकायत की गई लेकिन इन युवको के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की जिस्से इन युवको होसले बुलन्द होते चले गए थक हार कर युवती के पिता ने अपनी लड़की की शादी कर दी शादी होने के बाद भी इन युवको ने युवती का पीछा नही छोड़ा हद तो तब हो गई जब इन युवको ने युवती के पती के सामने ही युवती से छेडछाड की जब युवती के पती ने इनका विरा.ेध किया तब इन तीनो युवको ने उसके दामाद के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की इसकी शिकायत पीड़ित युवती के पिता ने पुलिस से की लेकिन पुलिस ने फिर भी इन युवको के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की जिसकी वजह से इन युवको के ओर भी हौसले बुलंद हो गए एक सप्ताह पूर्व युवती अपनी दो महा की पुत्री के साथ अपने पिता के घर आई थी 13,12,25 को युवती के पिता परीवार सहित घर से कही गए हुए थे रात के समय लगभग नो बजे के करीब युवती को अकेला देखकर तीनो युवक घर मे घुस गए ओर उसकी दो महा की बेटी को अपने कब्जे मे कर विवाहिता के साथ बारी बारी से तीनो युवको ने बलात्कार किया ओर किसी को बताने पर उसकी दो महा की बेटी को जान से माने की धमकी देकर चले गए युवती ने आप बीती अपने पिता को बताई पिता ने सुबह को इसकी शिकायत पुलिस से की ओर अपनी पुत्री के साथ हुई घटना जानकारी दी लेकिन पुलिस ने फिर भी कोई कार्रवाई नही की अब पीड़ित युवती के पिता ने मोहल्ले के ही तीनो युवको अजहरुद्दीन, फरदीन, मोहम्मद फैज, के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर ने तीन माह बाद बालक को परिवार से मिलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** लगभग तीन माह से राजकीय बाल गृह शिशु सदन, रामपुर में आवासित बालक सूरज को चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर द्वारा उसके परिवार से सकुशल मिलाया गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 अगस्त 2025 को थाना जीआरपी द्वारा चारबाग रेलवे स्टेशन, लखनऊ पर बालक सूरज को लावारिस अवस्था में पाया गया था। पूछताछ के दौरान बालक ने बताया कि उसकी मां उसे बाजार में छोड़ गई थी। तत्पश्चात चाइल्ड हेल्पलाइन लखनऊ द्वारा बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके आदेशानुसार बालक को परिवार का पता न चलने तक अस्थाई आश्रय हेतु राजकीय बाल गृह, लखनऊ में रखा गया। परिवार का पता न चलने की स्थिति में 30 सितम्बर 2025 को अधीक्षिका, राजकीय बाल गृह लखनऊ द्वारा बालक सूरज को राजकीय बाल गृह शिशु सदन, रामपुर में प्रवेश दिलाया गया। रामपुर बाल गृह में निरंतर काउसिंलिंग के उपरांत जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर के परियोजना समन्वयक निजामुद्दीन द्वारा बालक द्वारा बताए गए पते के आधार पर स्थलीय सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि बालक सूरज ग्राम मकरंधपुर, धाराजीत, आलमपुर जफराबाद, जनपद बरेली का निवासी है। इसके पश्चात बालक की नानी एवं मामा को रामपुर लाकर बाल कल्याण समिति, रामपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालक सूरज को उसकी नानी की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। सुपुर्दगी के समय प्रभारी अधीक्षक, राजकीय बाल गृह शिशु सदन रामपुर कुलवंत सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन से रेलवे सुपरवाइजर महक अजमी, केस वर्कर संजू कुमार एवं कासिम मोईन उपस्थित रहे। इसके उपरांत चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर द्वारा बालक सूरज एवं उसकी नानी को निजी वाहन से सकुशल उनके निजी निवास तक पहुंचाया गया।

# फिल्म सिटी जुहू में चमकेगा मिलक का नाम

**वरिष्ठ साहित्यकार डॉ। चन्द्रप्रकाश शर्मा को मिलेगा 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड.2025**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर मिलक के लिए गर्व और गौरव का क्षण है। मिलक निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ। चन्द्रप्रकाश शर्मा को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की फिल्म सिटी, जुहू में फिल्मी सितारों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। 30 दिसंबर 2025 को आयोजित भव्य समारोह में उन्हें उनके उत्कृष्ट एवं विचारोत्तेजक निबंध लेखन के लिए प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड.2025 से अलंकृत किया जाएगा।


इस गरिमामय समारोह में लोकप्रिय टीवी धारावाहिक महाभारत में युधिष्ठिर की भूमिका निभाने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता गजेन्द्र चौहान तथा चर्चित अभिनेत्री शबीना सहित कई नाम.चीन फिल्मी सितारे मंच से डॉ। शर्मा को सम्मानित करेंगे। साहित्य और सिनेमा जगत की इस ऐतिहासिक जुगलबंदी से समारोह की भव्यता और बढ़ेगी।

डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा ने अपने लेखन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके निबंधों में तार्किक विश्लेषण, सामा.जिक सरोकार और वैज्ञानिक प्रमाणिकता की स्पष्ट झलक देखने को मिलती है। उनके लेख समसामयिक विषयों पर गहन विमर्श प्रस्तुत करते हुए पाठकों को सोचने और आत्ममंथन के लिए प्रेरित करते हैं।

**दिसंबर में दो-दो बड़े सम्मान**

गोवा और मुंबई में होगा डॉ। चन्द्रप्रकाश शर्मा का अभिनंदन

दिसंबर माह डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा के लिए उपलब्धियों से भरा रहने वाला है। साहित्य जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें 28 दिसंबर 2025 को गोवा की राजधानी पणजी में तथा 30 दिसंबर 2025 को मुंबई में प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।




लगातार मिल रहे इन राष्ट्रीय सम्मानों से मिलक, रामपुर जनपद और समूचे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों और शुभचिंतकों ने इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए डॉ. शर्मा को बधाइयां दी हैं।

# रामपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 104 शिकायतें प्राप्त 20 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील स्वार में अपर जिला.धिकारी प्रशासन डा. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 11 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील मिलक में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे 17 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिक.ारी की अध्यक्षता में तहसील बिलासपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे 09 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# क्रय केंद्रों पर धड़ल्ले से हो रही कस्तूरी धान की खरीदः उस्मान

**किसान यूनियन ने सीडीओ को ज्ञापन सौंप कर की कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार रामपुर पूर्व निर्धारित कार्य क्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तहसील सदर परिसर में एकत्रित हुए और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी रामपुर को सौंपा।



इस अवसर पर राष्ट्रीय महासि.चव उस्मान अली पाशा ने कहा धान खरीद केंद्रों पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पूरे जिले में कहीं पर भी कस्तूरी धान की खेती नहीं की जाती जबकि खरीद केंद्रों पर प्रतिदिन कई ट्रक कस्तूरी धाम तोला जाता है खेल इस तरह किया जाता है।

राइस मिलर पहले किसानों से ओने पोने दामों पर उनका धान खरीद लेते हैं फिर उनकी खतौनी आदि लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग में रजिस्ट्रेशन कराया जाता है और किसानों को कहा जाता है कि तुम्हारा पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर करा देंगे और फिर बिहार से कस्तूरी धान मंगा कर किसान के नाम तुलवा दिया जाता है। इसमें खरीद केंद्र प्रभारी को प्रति क्विंटल 100 से 150 रूपए कमीशन दिया जाता है यह खेल प्रतिवर्ष खेला जाता है।

उन्होंने आगे कहा नहर विभाग ने किसी भी नहर की मानक अनुरूप सफाई नहीं कराई है और घोटाले को छुपाने के लिए आधी अधूरी सफाई कराकर पानी छोड़ दिया है।

प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार सक्सेना, इरशाद अली पाशा, हारून पाशा, वाजिद अली, आबिद अली, विनोद कुमार, शनाब जहां, लक्ष्मी देवी, दिनेश कुमार सागर, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** काफी समय से क्षेत्र मे आतंक मचा रहे तेंदुए को पकड़ने लिए वन विभाग ने बकरी का शिकार बांध कर पिंजरा लगा दिया है काफी समय से ग्रामीण क्षेत्र मे तेंदुआ दिखाई दे रहा था जिसकी वजह से ग्रामीणो मे दहशत मची हुई थी बन विभाग द्वारा तेंदुए की लोकेशन ट्रेस की जा रही थी तेंदुआ कभी धर्मपुर के जंगल मे तो कभी करीमपुर के जंगल देखा जा रहा था तो कभी जमना जमनी चौहद्दा मे देखा जारहा था तेंदुए के देखे जाने से ग्रामीण क्षेत्र मे किसानो ने अपने बच्चो व महिलाओ व जानवरो को खेतो पर भेजना बन्द बन्द कर दिया है जिसकी वजह से



ग्रामीणो के खेती काम भी चौपट होकर रह गया तेंदुए की लोकेशन ट्रेस कर बन विभाग ने कुन्दनपुर के पीछे भूडिया के करीब पम्मी के खेत मे बकरी का शिकार बांधकर पिंजरा लगाया है बन विभाग के दरोगा कुल.बीर सिंह ने बताया कि कुन्दनपुर के जंगल मे तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है उन्होने ने बताया दिन मे बकरी को चारा खिलाने के लिए पिंजरे से निकाल लिया जाता है चारा खिलाने बाद बकरी को पिंजरे मे बांध दिया जाता है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विदाई पार्टी में जमकर झूमे छात्र व छात्राएं

■ चेहरे पर खुशी, आंखों में तैरता दिखा विदाई का दर्द




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बीएस-सी (आनर्स) कृषि अष्टम सेमेटर के विद्यार्थियों की विदाई की गई। इस अवसर पर छात्र व छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

महाविद्यालय के कृषि संकाय के समन्वयक डॉ0 चंद्रशेखर कुमार द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया। साथ ही उन्हें उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया, तथा उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि महाविद्यालय आप सभी के लिए हमेशा किसी भी तरह की मदद के लिये तैयार है। डॉ चन्द्रशेखर कुमार कृषि संकाय के समन्वयक के साथ ही साथ महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अध्यक्ष भी हैं जिन्होंने 2025 बैच के अधिकतर छात्र छात्राओं को मल्टीनेशनल कंपनी में रोजगार दिलाने का भी कार्य किया है और उन्होंने यह भी बताया कि हमारे यहां प्रतिवर्ष निरंतर प्रयास से अच्छी कंपनियों को बुलाकर रोजगार दिलाया जाता है जिससे एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरिकेश सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को आने वाली परीक्षाओं में धैर्य लगन और मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं एग्रोनॉमी विभाग के डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि हमारे छात्र व छात्राओं ने बीएससी कृषि को उत्तीर्ण किया है खुशी के साथ-साथ यह घड़ी दुख की भी है। आज हमसे हमारे प्यारे बच्चे जुदा हो रहे हैं। वही विदाई समारोह में बच्चों एवं पूर्व छात्र-छात्राओं की आंखें नम हो गई। बच्चों की आंखें नम होते देख सभी भावुक हो उठे।

वहीं मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रबंधक राजेन्द्र कुमार ने अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य, सफलता और जीवन में मूल्यों को बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं दीं, जिसमें उन्होंने दृढ़ता, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने पर जोर दिया, और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना सकारात्मक सोच के साथ करने तथा देश और समाज के लिए योगदान देने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों एवं कॉलेज प्राचार्य का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर छात्र अमन कुमार, योगेश कुमार, छात्रा स्वाति व किरन आदि ने कहा कि विभाग अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कुमार व डॉ0 राकेश शर्मा जैसे अध्यापक बहुत कम देखने को मिलते हैं। एग्रीकल्चर विभाग के सभी अध्यापक बहुत ही उच्च व्यवहार के धनी व्यक्ति हैं जो अपने कार्य का निष्ठा पूर्वक पालन करते हैं, आवश्यकता पड़ने पर वह रविवार के दिन भी महाविद्यालय में आकर काम करते हैं। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए दिन रात साथ खड़े रहते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरिकेश सिंह, कृषि विभाग अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रशेखर कुमार, प्रबन्धक राजेंद्र कुमार डॉ. राकेश शर्मा, राजवीर सिंह, मुनीश कुमार वर्मा, शालिनी गर्ग सहित कॉलेज के कर्मचारी व प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह के अध्यक्षता में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर सभागार में संपन्न हुआ। तहसील दिवस पर डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, जनता दर्शन, थाना दिवस मुख्यमंत्री की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में शिकायतकर्ताओं की जो भी शिकायतें आ रही हैं उनका निस्तारण समय अंतर्गत करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि छात्रवृत्ति योजना में जो भी पेंडेंसी है उसे समय अंतर्गत पूर्ण करें। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिसकी सीएम डैशबोर्ड, आइजीआरएस में जो भी पेंडेंसी है उसका निस्तारण कल भी कार्यालय खुलवाकर करवाएं।

समाधान दिवस में चकरोड, पैमाइश आदि से संबंधित शिकायतें आईं, जिसका संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात डीएम द्वारा ठंड के दृष्टिगत गरीब व बेसहारों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

# दबंगों ने ग्रामीण के साथ की मारपीट, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गांव कुरतरा में शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे युवकों को टोकना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। आरोप है कि तीन दबंग युवकों ने मिलकर ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव कुरतरा निवासी उमेश कुमार गुरुवार देर शाम खेत से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पास खड़े सुधांशु, अरुण व विक्रम शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। उमेश द्वारा विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से उमेश पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गहरी चोट आई। घायल की चीख-पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों को आता देख तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खुले में शराब पी रहे युवकों व शोहदों पर पुलिस ने की कार्यवाही, चेतावनी देकर छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो पुलिस टीम के द्वारा शोहदों एवं खुले में शराब पीने वाले 06 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 34 पुलिस अधिनियम के बन्ध पत्र भरवाये हैं।

थाना बहेड़ी की मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बहेड़ी व मीना बाजार कस्बा बहेड़ी से चौकिंग के दौरान खुले में शराब पी रहे, भीड़ भाड़ जगह पर खड़े शोहदे (कुल 06) मोहित पुत्र राधेलाल निवासी मो0 लोधीपुर, संजू सिंह पुत्र गोकरन सिंह निवासी ग्राम जागनडांडी, फईम पुत्र लईक अहमद निवासी अब्बासनगर बहेडी, लखपत पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम जागनडांडी, अरविन्द पुत्र शिव शंकर रस्तोगी निवासी ग्राम सकरस, प्रेमपाल पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम जाजूनागर थाना बहेड़ी जिला बरेली को हिरासत में लिया गया। जिनके विरुद्ध थाना स्तर पर अन्तर्गत धारा 34 पुलिस एक्ट के बन्ध पत्र भरवाकर कड़ी चेतावनी/हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

# चिराग मियां की मजार पर चादर पोशी का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे में चल रहे उर्स चिरागी में लगातार जायरीन अपनी मन्नत मुरादे लेकर आ रहे हैं और अपने दामन को भरकर जा रहे हैं। ये उर्स हार दिसम्बर के शुरू में होता है।



हर साल की तरह इस साल भी लोग चादर पोशी कर रहे है और ये चादर पोशी का सिलसिला लंबे वक्त से चला आ रहा है। इसी सिलसिले में आज जिला पंचायत सदस्य मास्टर हाजी मुन्ने अंसारी ने अपने साथियों सहित चादर पोशी की रस्म अदा की। उनके साथ में जयपाल सिंह अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी जगदीश प्रसाद राम सिंह महिंद्रपाल सागर हरीश सागर पवन गुप्ता सम्मर सिंह गौतम, बुद्ध सेन गौतम , कुलदीप सागर ,डॉक्टर मुख्तार अहमद , मोहम्मद हसन , मोहम्मद आरिफ, हाजी मुन्ने अंसारी लियाकती, महेंदर सिंह , अली रजा , सद्दाम भाई आदि मुख्य थे।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में जांच को आई तहसील की टीम

■ कंजड़ जाति के लोगों के घर जाकर बयान दर्ज किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शीशगढ़ में अपना जन्म दिखाकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में आज शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर बयान दर्ज किए।

उपजिलाधिकारी के आदेश पर तहसील मीरगंज के अरविंद कुमार नायब तहसीलदार,जोगेंद्र सिंह कानून गो, पुष्पेंद्र सिंह लेखपाल व नगर पंचायत शीशगढ़ के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार, मुस्तफा अली आदि लोगों की टीम ने आज शनिवार को शीशगढ़ के मोहल्ला शेखुपुरा में कंजड़ जाति के लोगों के घरों पर पहुंचकर उनके व्यान दर्ज किए। राजस्व विभाग की टीम को मौके पर मिले कंजड़ जाति के लोगों ने बताया कि उनका जन्म नगर पंचायत शाही में हुआ था। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए शीशगढ़ नगर पंचायत में अपना जन्म होना क्यों दिखाया, तो इस पर कंजड़ जाति के लोगों ने अपनी गलती स्वीकार की। कहा कि हम अनपढ़ लोग हैं हमें नहीं पता हलफनामे में किया लिखा गया है। कंजड़ जाति के लोगों ने टीम को बताया कि वह पिछले करीब सात ,आठ वर्षों से शीशगढ़ में रह रहे हैं। मीरगंज तहसील की नगर पंचायत शाही व गांव सुजातपुर में रहने की बात भी स्वीकार की। व्यान दर्ज करने के बाद टीम वापस चली गई।

> उपजिलाधिकारी के आदेश पर हमने मौके पर जाकर जांच की और ब्यान भी दर्ज किए है। जांच रिपोर्ट बनाकर उपजिलाधिकारी मीरगंज को दी जाएगी। कंजड़ जाति के लोगों ने स्वीकार किया है कि उनका जन्म नगर पंचायत शाही में हुआ था।
>
> **अरविंद कुमार, नायब तहसीलदार**
> **तहसील मीरगंज**

बताते चलें कि कंजड़ जाति के नौ लोगों ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था तथा हलफनामे में शीशगढ़ कस्बे में अपना जन्म दिखाया था। उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार ने अधिशासी अधिकारी शीशगढ़ दुर्गेश कुमार को इस मामले की जांच सौंपी गई थी। जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था।

# छात्र की शिकायत पर पीएमओ ने लिया संज्ञान

■ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानलेवा कट का होगा निस्तारण
■ समाधान परियोजना निदेशक को मिली जांच, जागी उम्मीद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के छात्र असद अंसारी की शिकायत पर पीएमओ ने लिया संज्ञान है। इस प्रकरण में परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग मुरादाबाद को जांच मिली है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में स्थित राधा कृष्ण मंदिर कट और एएनए कट वर्षों से सड़क हादसों और मौतों का कारण बने हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में की गई शिकायत के बाद अब इन खतरनाक कटों को लेकर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र असद अंसारी के द्वारा पीएमओ में शिकायत किए जाने के बाद मामला राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भेजा गया। पूर्व में इस प्रकरण में पुलिस प्रशासन व एनएचएआई की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों कटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस प्रकरण में अधिकारियों ने हाईवे पर यातायात की स्थिति वाहनों की गति कटों की बनावट और दुर्घटना संभावित स्थानों का बारीकी से जायजा लिया।

इस मामले में छात्र असद अंसारी ने बताया कि राधा कृष्ण मंदिर कट कस्बे का प्रमुख प्रवेश मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन हाईवे पार करते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। वहीं एएनए कट को क्षेत्र का सबसे खतरनाक कट बताया गया, जहां भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। इस दौरान यह भी सामने आया कि दोनों कटों के पास रहपुरा और माधोपुर अंडरपास पहले से मौजूद हैं। ट्रैफिक को इन अंडरपासों के माध्यम से संचालित करने अवैध कट बंद करने और आवश्यक सुरक्षा संकेतक लगाने जैसे उपायों पर विचार किया जा सकता है। वर्षों से इन कटों के कारण भय के माहौल में रह रहे स्थानीय लोगों को अब जल्द समाधान की उम्मीद जागी है।

# मृतक मुकेश के परिवारजन न्याय के लिए पहुंचे भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष के द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सेंथल नगर पंचायत के युवा मुकेश मौर्य (22 वर्ष) सुपुत्र रामप्रसाद मौर्य मो. चौधरी का मर्डर पांच दिसम्बर 2025 को हो गया था। पीड़ित परिवार प्रशासनिक कार्यवाही से पूर्णतया असंतुष्ट है।



भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य के निज निवास पर पीड़ित परिवारजनों ने रोते हुये बताया कि बच्चे को इतनी बर्बरता से मारा पीटा गया कि उसकी पसलिया टूट गयीं,फेफड़े और लीवर भी फट गया। बोले बच्चें की हत्या एक दो लोगों ने नहीं बल्कि कई लोगों ने मिलकर की है। एफआईआर में भी नाम दर्ज कराये गये है, लेकिन प्रशासन द्वारा संतुष्ट पूर्ण कार्यवाही नहीं की जा रहीं है.पुलिस ने सिर्फ दो लोगों की गिरफ्तारी की है। बाकी लोगों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रहीं है। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने परिवार को पूर्ण आश्वासन दिया कि उनके साथ न्याय होगा,व सभी दोषियों पर की गिरफ्तारी भी होंगी.. व दोषियों को उचित सजा भी मिलेगी। मृतक का भाई रुपकिशोर,राहुल गुप्ता दीपू ,जिला मंत्री विहिप अविनाश मिश्रा,सभासद मुनीश मौर्य,सभासद हरिशंकर मौर्य,संजीव गुप्ता,राम प्रसाद मौर्य,धर्मेन्द्र मौर्य,व मौर्य समाज के इत्यादि लोग पहुंचे।

# अवैध साप्ताहिक बाजार से लगा जाम, पुलिस ने खुलवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में लगने वाली अवैध साप्ताहिक बाजार से कस्बे के मुख्य तिराहे पर जाम लग गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया। वहां पूरे दिन भीड़ जुटती रही और पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने में लगी रही।

कस्बे में अंबेडकर पार्क के पास पिछले एक वर्ष से अवैध बाजार लगाया जा रहा है। बाजार को नगर पालिका परिषद की बिना अनुमति के लगाए जाने पर नगर पालिका परिषद ने पुलिस को पत्र भेज कार्रवाई को कहा था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद पालिका परिषद ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की थी, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। आज शनिवार को जब बाजार लगा तो वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गयी। जिससे अम्बेडकर पार्क के पास तिराहे पर जाम लग गया। जिसकी खबर पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। इसके बाद भी वहां पूरे दिन जाम के हालात बने रहे। जबकि पुलिस पूरे दिन यात्रायात सुचारु रूप से संचालन करने में जुटी रही।

खास बात यह है कि यह साप्ताहिक बाजार गैस गोदाम के निकट लगता आ रहा है, लेकिन किसी भी विभाग की इस ओर नजर नहीं जा पाती है, शायद किसी घटना का इंतजार है।

# नाबालिग अपहरण कांड में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन, आरोपी दबोचा



## तेज रणनीति और सख्त कार्रवाई से आरोपी तक पहुंची पुलिस

> **नाबालिग से जुड़े संवेदनशील मामलों में कोतवाली प्रभारी की कार्यशैली सराहनीय**
>
> नाबालिग से जुड़े संवेदनशील मामले में कोतवाली देवरनियां पुलिस की तत्परता और जिम्मेदार कार्यशैली की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कुशल नेतृत्व, त्वरित निर्णय क्षमता और सख्त अपराध नियंत्रण नीति के चलते पुलिस टीम ने समय रहते पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उनकी कार्यशैली से आमजन में कानून-व्यवस्था को लेकर भरोसा और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए मुख्य नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की मुस्तैदी के चलते पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार, 17 दिसंबर 2025 को पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली देवरनियां में तहरीर दी गई थी। आरोप था कि उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया, और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में कोतवाली देवरनियां पुलिस ने धारा 137 (2)/ 352/ 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर प्रभावी रणनीति के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस टीम ने 18 दिसंबर को नाबालिग को सकुशल बरामद कर उसके बयान और चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया पूरी की। विवेचना के क्रम में मुख्य आरोपी अरबाज खां पुत्र नसीब खां निवासी ग्राम सिमरावा थाना शेरगढ़, जनपद बरेली को आज शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे कठर्रा रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, अन्य नामजद आरोपियों की तलाश भी जारी है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार एवं हेड कांस्टेबल शमशुल सहित थाना देवरनियां पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# विनय चौधरी के प्रयासों से लगा हरिजन वार्ड में हैंडपंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** भाजपा नेता विनय चौधरी ने अधिशाषी अधिकारी को कुछ दिन पहले हरिजन वार्ड में इंडिया मार्का दो हैंडपंप लगवाने का अनुरोध किया था जो पूरे हरिजन वार्ड को पानी की जरूरत पूरी करेगा।अधिशासी अधिकारी ने उनके अनुरोध को सवीकारकर वार्ड में हैंडपंप लगवा दिया।जिस कारण पूरे हरिजन वार्ड में खुशी की लहर है साथ ही विनय चौधरी की प्रशंसा की जा रही है।

# कब होगी परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रिछा ब्लॉक में परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताएं अब तक आयोजित नहीं हुई हैं। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं निकट होने के बावजूद ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताओं का न होना खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पर सवाल खड़े कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, बीईओ जगदीश कुमार, जो मुरादाबाद के निवासी हैं, ब्लॉक कार्यालय में कम ही उपस्थित रहते हैं। जब वे आते भी हैं, तो अक्सर एक ही स्थान पर बैठकर तीन-चार विद्यालयों का निरीक्षण कर लेते हैं। इस स्थिति का लाभ कुछ लापरवाह शिक्षक उठा रहे हैं। इस वर्ष ब्लॉक स्तरीय परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताएं अभी तक आयोजित नहीं की गई हैं। जिले के अन्य ब्लॉकों में ये प्रतियोगिताएं संपन्न हो चुकी हैं, जबकि रिछा ब्लॉक में एक-दो न्याय पंचायतों को छोड़कर अन्य न्याय पंचायतों में भी खेलकूद प्रतियोगिताएं नहीं हुई हैं। चर्चा है कि बीईओ बिना ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित कराए ही होनहार बच्चों को सीधे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कराने की योजना बना रहे हैं। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्ष की खेलकूद प्रतियोगिता के लिए जमा की गई धनराशि भी अभी तक शेष है।

# तहसील दिवस में आई 72 शिकायतों में 11 का हुआ निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी जॉइन्ट मजिस्ट्रेट ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान 72 शिकायतें तहसील दिवस में आई, जिनमे से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों का निस्तारण करने के लिये सम्बन्धित विभागों को सौंप दिया गया। नगर पालिका सभासदों ने कई समायाओं को लेकर शिकायत की।

यहां तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में सभासद ओम प्रकाश, मो. जाकिर, नजमा, वाजिद हुसैन, मो. जाकिर, सबीना बी, शुगरा, मो. रफी, सलीम अहमद, रमेश, मो. ताहिर, शबनम, मिनाज आदि ने आरोप लगाते हुए कहा कि जितने भी नोटिस अधिशासी अधिकारी द्वारा दिये गये हैं, इसमें सरकारी खजाने में कोई पैसा जमा नहीं किया गया है। अधिशासी अधिकारी द्वारा सिर्फ अपनी जेब गर्म की जा रही है। जल कर विभाग में जनता की परेशानी को कोई सुनने वाला नहीं है। पाईप लाईन जगह-जगह लीकेज होने पर एक-एक सप्ताह तक मरम्मत नहीं करायी जाती है। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी का रवैया जनता और सभासदों के प्रति अच्छा नहीं है, किसी भी प्रार्थना पत्र पर कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा जो भी प्रस्ताव पास किये जाते हैं, उस पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित रोडों के निर्माण के बारे में पूछने पर ठेकेदार द्वारा बताया जाता है कि नगर पालिका पेमेन्ट नहीं कर रही है। हरदेई पत्नी मोहन स्वरुप निवासी ग्राम धिमरी थाना बहेड़ी ने शिकायत की कि उसके पुत्र ने ऑनलाइन गेम में 5 लाख रूपये जीते थे। पुत्र के दोस्तों ने पैसे हड़पने के लिये उसके पुत्र की हत्या कर दी थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस पुत्र के कातिलों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उसने पुत्र के कातिलों को गिरफ्तार करने की मांग की। तहसील दिवस में आई शिकायतें सुनने के बाद उपजिलाधिकारी ने समय व सही से निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस दौरान तमाम विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में दर्ज हुई 63 शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार को एसडीएम उदित पवार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान कुल 63 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण का दावा किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची कस्बे के मोहल्ला बिजौरिया की लक्ष्मी देवी ने शिकायत दर्ज कराई कि कस्बे में स्थित उनके प्लाट की बुनियाद को एक दबंग ने तोड़ डाला है। वह उनके प्लाट पर कब्जा करना चाहता है। अमीर नगर गुलड़हाई गांव की दुमेन्ती देवी पत्नी नन्हेलाल ने शिकायत दर्ज करायी कि हाफिजगंज थाना क्षेत्र के लाड़पुर उस्मानपुर गांव में स्थित उनकी भूमि पर दबंग पिता पुत्र ने कब्जा कर लिया है। सतुईया कला गांव की ग्राम प्रधान विमलेश, मिथलेश कुमारी, पार्वती देवी, अनीता, रंजीत सिंह, रेशम वती, लौंग श्री, आबिद अली, बंटू आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कहा कि उनके गांव के प्राथमिक विद्यालय को सतुईया खुर्द गांव के विद्यालय में समायोजित कर दिया गया है, उनके गांव से विद्यालय दूर होने के कारण बच्चों को रास्ते में आवारा गौवंश, कुत्ते और बंदरों का खतरा बना हुआ है। जिससे बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं।

उन्होंने एसडीएम से अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय को फिर से शुरु कराने की मांग की है।इस दौरान कुल 63 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, बीडीओ महेश चन्द्र शाक्य आदि मौजूद रहे।

# विश्व कप टी-20 टीम से बाहर गिल

## भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन व रिंकू सिंह को शामिल किया गया



**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज और उसके बाद होने वाले पुरुष टी-20 विश्व. कप कप 2026 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन और रिंकू सिंह को शामिल किया गया है। हाल ही में चोटिल हुए शुभमन गिल को टीम में जगह नहीं मिल पायी। यहां बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ हुई बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम से शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में गिल उप-कप्तान थे और चौथे मैच से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इस साल टी-20 में गिल का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ 291 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.25 और स्ट्राइक रेट 137.26 रहा और उनके नाम कोई अर्द्धशतक या शतक नहीं रहा। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाकर झारखंड को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले इशान किशन की भारतीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ 10 पारियों में 57-32 की औसत से 517 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 197-32 रहा। उन्होंने दो अर्द्धशतक और दो शतक बनाये, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जड़ा गया शतक (49 गेंदों पर 101 रन) भी शामिल है। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम दो टी-20 से बाहर होने वाले अक्षर पटेल को अब उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं एशिया कप में विजयी शॉट लगाने वाले रिंकू सिंह विश्व कप के लिए मुख्य टीम में वापस आ गए हैं। वॉलशगटन सुंदर भी इस बार मुख्य टीम का हिस्सा हैं। यही टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी खेलेगी। संजू सैमसन के अलावा किशन टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे। टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अन्य दो तेज गेंदबाज हैं। स्पिनरों में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव शामिल हैं। भारत टी-20 विश्वकप से पहले भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। टी-20 सीरीज 21 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जाएगी। 11 से 18 जनवरी तक खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।

**भारतीय टीम प्रकार है:-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उप-कप्तान) रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।




खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम व श्रीलंका के बीच रविवार से शुरु होगी पांच मैचों की टी-20 सीरीज

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** एकदिवसीय विश्वकप चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को पहली बार विशाखापत्तनम में शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में श्रीलंका की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट के पहले दो मैच विशाखापत्तनम में खेले जायेंगे। जिसके बाद सीरीज के आखिरी तीन मैचों तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यह सीरीज 30 दिसंबर तक चलेगी। पिछले महीने एकदिवसीय प्रारुप में विश्व चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला टीम का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। श्रीलंका सीरीज के लिए 15 सदीस्यी भारतीय टीम में विश्व कप जीतने वाली टीम के कई सदस्य, जिनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और प्लेयर ऑफ द सीरीज दीप्ति शर्मा शामिल हैं। कोच अमोल मजूमदार ने 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया है। कमलिनी यास्तिका भाटिया की जगह लेंगी, जो विश्व कप में चोट लगने के बाद रिहैब से गुजर रही हैं। इस बीच वैष्णवी को सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2025 में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस टूर्नामेंट में वह सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने आखिरी बार जुलाई में टी-20 सीरीज खेली थी और इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। श्रीलंका की टीम भारत सीरीज में अनुभवी चमारी अटापट्टू की कप्तानी में खेलेगी। यह सीरीज अगले साल जून-जुलाई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण


## छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से हार्दिक ने माफी मांगी

● **हार्दिक ने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के दौरान उनके छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से माफी मांगी और उनका हालचाल पूछा।

कल रात खेले गए इस मुक. ाबले में पांड्या की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच में जान डाल दी थी। उन्होंने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया। चोट इतनी तेज थी कि भारतीय डगआउट का ध्यान भी उस पर गया और असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट इस घटना पर साफ तौर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिखे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, कैमरामैन ने कहा कि वह ठीक है और मेडिकल स्टाफ से बर्फ की सिकाई करवाने के बाद भी उसने अपना काम जारी रखा। उसने कहा कि अगर गेंद उसे कहीं और लगी होती तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। मैच खत्म होने के तुरंत बाद हार्दिक सीधे उस कैमरामैन के पास पहुंचे और उसका हालचाल जाना। उसे गले लगाया और दर्द कम करने के लिए खुद बर्फ की सिकाई करने में मदद की। भारतीय स्टार ने कहा कि कैमरामैन खुशकिस्मत था कि गेंद उसके हाथ पर लगी न कि किसी और नाजुक जगह पर।

## हॉज का शतक, विंडीज 381/6



● **केवम हॉज ने नाबाद 109 रन एलेक ने 45 और ग्रिव्स ने 43 रनों की जुझारू पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** केवम हॉज (नाबाद 109) , ऐलेक ऐथनेज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) की जूझारू परियों के दम पर वेस्टइंडीज ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को स्टंप्स के समय छह विकेट पर 381 रन बना लिए है। हालांकि वह न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से अभी भी 194 रन पीछे है। यहां वेस्टइंडीज ने कल के 110 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड को पहली सफलता जेकब डफी ने जॉन कैंपबेल (45) को टॉम लेथम के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद 35वें ओवर में उन्होंने ब्रैंडन किंग (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद केवम हॉज और टेविन इमलाक के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 56वें ओवर में माइकल रे ने टेविन इमलाक (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। ऐलेक ऐथनेज 57 गेंदों में (45), जस्टिन ग्रीव्स 69 गेंदों में (43) और कप्तान रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 381 रन बना लिए थे और केवम हॉज (नाबाद 109) और एंडरसन फिलीप (नाबाद 12) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी और एजाज पटेल ने दो-दो विकेट लिए।

## विजय हजारे टूर्नामेंट में मुंबई के लिए दो मैच खेलेंगे रोहित

● **शार्दूल ठाकुर मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे, सरफराज मुशीर और रघुवंशी भी शामिल**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय एकदिवसीय टीम के धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर मुम्बई टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में सरफराज खान, मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। इसके अलावा टीम में कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 2019 में इंडिया इमर्जिंग के लिए चार लिस्ट ए मैच खेलने वाले चिन्मय सुतार को टीम में जगह मिली है, साथ ही बल्लेबाज ईशान मुलचंदानी और तेज गेंदबाज ओंक. ार तरमाले को भी शामिल किया गया है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की नीलामी में ओंकार तरमाले को खरीदा था। जाने-पहचाने चेहरों में, सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तमोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी और तनुष कोटियन शामिल हैं। टीम में अलजक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे नहीं है। टूर्नामेंट में मुंबई ग्रुप सी में है। मुम्बई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। दो दिन बाद, वे उत्तराखंड का सामना करेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीमः- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), रोहित, ईशान मुल. चंदानी, मुशीर खान, अंगकृष रघुवंशी, सरफराज, सिद्धेश, चिन्मय, आकाश (विकेटकीपर), हार्दिक(विकेटकीपर)

## श्रीलंका ने टी-20 विश्व कप के लिए शनाका की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की



कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑलराउंडर दासुन शनाका की अगुवाई में 25 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा की है। चयनकर्ताओं ने टीम में पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा और पूर्व कप्तान असलंका जैसे सफेद गेंद क्रिकेट का अनुभव रखने वाले मजबूत खिलाड़ियों को शामिल किया हैं। ऑलराउंडर के तौर पर वानिंदु हसरंगा, धनंजय डी सिल्वा, कामिंदु मेंडिस और दुनिथ वेल्लालागे बल्ले और गेंद दोनों से संतुलन प्रदान करते हैं। गेंदबाजी यूनिट में दुशमंथा चमीरा और मथीशा पथिराना जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज शामिल हैं, साथ ही मिस्ट्री स्पिनर महेश थीक्षाना भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, ईशान मलिंगा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू जैसे कई युवा खिलाड़ियों को भी टूर्नामेंट से पहले अपनी जगह बनाने का मौका मिला है।

टीम में 2024 में हुए पिछले टी-20 विश्व कप के तेरह खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के अगले एडिशन के लिए बरकरार रखा गया है। इनमें शनाका, हसरंगा, असलंका, कुसल मेंडिस, निसांका, कामिंदु मेंडिस, डी सिल्वा, थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालागे, चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम टीम की पुष्टि सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के करीब की जाएगी।

**आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए श्रीलंका की प्रारंभिक टीम इस प्रकार है:-** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, निरोशन डिकवेला, जेनिथ लियानगे, चैरिथ असालंका, कामिंडु मेंडिस, पवन रथनायके, सहान अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, मिलन रथनायके, नुवान तुषारा, ईशान मललगा, दुष्मंथा चमीरा, प्रमोद मदुशन। मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महेश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू।

## तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया



● **अवॉर्ड मिलने के बाद तिलकर ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर, एक बहुत ही खास इंसान से इस पाकर अच्छा ही लगा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अगल-अगल परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' पदक से सम्मानित किया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' इंडिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20आई सीरीज 2025 टाइटल वाले एक वीडियो में, तिलक को भारतीय टीम के ट्रेनिंग असिस्टेंट राघवेंद्र द्वगी ने पदक प्रदान किया। जब भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांचवें और आखिरी टी-20ૅ में 30 रन से जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम की। ड्रेसिंग रूम में हुए पुरस्कार समारोह में राघवेंद्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करने में धैर्य, आत्मविश्वास और लचीलेपन के महत्व के बारे में बात की।

भारत की यह जीत लगातार आठवीं टी-20 सीरीज जीत थी, जो सबसे छोटे प्रारुप में टीम की निरंतरता को दिखाती है। सीरीज के निर्णायक मैच में तिलक ने 42 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 73 रनों की शानदार पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए, सलामी बल्लेबाजों द्वारा मजबूत नींव रखने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ एक महत्वपूर्ण शतकीय साझेदारी की, जिससे भारत 231 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचा। अवॉर्ड मिलने के बाद तिलक ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर और एक बहुत ही खास इंसान से इसे पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से हमने दबाव में खेला, वह देखना बहुत अच्छा था। आने वाली न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप में हमारी परीक्षा होगी, और आइए हम उसी रवैये के साथ उन्हें जीतें। तिलक ने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर चार पारियों में 62-33 की शानदार औसत और 131-69 के स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए। उनके खाते में दो अर्द्धशतक शामिल थे, जिसमें 73 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पूरी सीरीज के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपनी अनुकूलन क्षमता और खेल की समझ का प्रदर्शन किया। पहले टी-20 में, नंबर 4 पर 32 गेंदों में उनके 26 रनों की सधी हुई पारी ने भारत को शुरुआती 48 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद संभालने में मदद की, जिससे बाद में बड़े स्कोर की नींव रखी गई। दूसरे मैच में, 214 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, तिलक ने नंबर 5 पर 34 गेंदों में शानदार 62 रन बनाकर अकेले ही लड़ाई लड़ी, जबकि उनके आस-पास विकेट गिरते रहे। इसके बाद उन्होंने तीसरे टी-20 में नाबाद 26 रन बनाकर मैच खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।

## कमिंस-नेथन ने इंग्लैंड को हार की ओर धकेला



● **पैट कमिंस और नेथन लॉयने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**एडिलेड, वार्ता।** ट्रैविस हेड (170) और एलेक्स कैरी (72) की शानदार बल्लेबाजी के बाद पैट कमिंस और नेथन लायन (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को दूसरी पारी में 349 का स्कोर करने के बाद 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के दूसरी पारी में 207 के स्कोर पर छह विकेट झटक कर उसे हार की ओर धकेल दिया है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। उन्हें जॉश टंग ने आउट किया। ट्रैविस हेड ने 219 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 170 रनों की पारी खेली। 79वें ओवर में बेन स्टोक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे एलेक्स कैरी को अपना शिकार बना लिया। एलेक्स कैरी ने 128 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 72 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद इग्लिस गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर हावी हो गए और जल्द ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी को 84-4 ओवर में 349 के स्कोर पर समेट दिया। जॉश इंग्लिस (10), पैट कमिंस (छह), नेथन लायन (शून्य) और स्टॉक बोलैंड (एक) रन बनाकर आउट हुये।

इंग्लैंड की ओर से जॉश टंग ने चार और ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिए। जोफा आर्चर, विल जैक्स और बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप भी 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जो रूट ने जैक क्रॉली के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में पैट कमिंस ने जो रूट (39) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हैरी ब्रूक (30), कप्तान बेन स्टोक्स (पांच) को नेथन लायन ने आउट किया। इंग्लैंड का छठा विकेट 54वें ओवर में जैक क्रॉली के रूप में गिरा। उन्हें भी नेथन लायन ने आउट किया। जैक क्रॉली ने 151 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 207 रन बना लिए है और उसे मैच जीतने के लिए 228 रनों की जरूरत है। उसके पास अब केवल चार विकेट शेष है। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ (नाबाद दो) और विल जैक्स (नाबाद 11) क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और नेथन लायन ने (तीन-तीन विकेट) झटके।

## ब्राजील विश्व कप से पहले फ्रांस क्रोएशिया के साथ खेलेगा मैत्री मैच

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेड रेशन ने कहा है कि उनकी राष्ट्रीय टीम अगले साल फीफा विश्व कप की तैयारी के लिए अमेरिका में फांस और क्रोएशिया के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। सीबीएफ के बयान के अनुसार, पांच बार की विश्व चैंपियन टीम 26 मार्च को बोस्टन में फांस का सामना करेगी, जिसके बाद 31 मार्च को ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैच होगा। ये मैच ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी को विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले खिलाड़ियों का आकलन करने का आखिरी मौका देंगे। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जायेगा। ब्राजील ने 10 टीमों वाली द. अमेरिकन क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर रहकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया।

## न्यूजीलैंड ने अंडर-19 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**ऑकलैंड, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड ने टॉम जोन्स की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) की वेबसाइट के अनुसार ओटागो के ओपनर टॉम जोन्स को टीम का कैप्टन बनाया गया है। जोन्स का यह दूसरा अंडर-19 विश्वकप है। टीम दो जनवरी को अफ्रीका के लिए रवाना होगी। जोन्स ने पिछले महीने ओटागो के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में 119 रन बनाकर अपनी काबिलियत दिखाई थी। टीम में जोन्स के साथ डोमेस्टिक कैप वाले प्लेयर्स में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बैट्समैन स्नेहिथ रेढी और विकेटकीपर आर्यन मान, ओटागो के फास्ट बॉलर मेसन क्लार्क और ऑकलैंड के बॉलिंग ऑलराउंडर जसकरण संधू शामिल हैं। रेड्डी व क्लार्क ने इस साल की शुरुआत में ए सूची में डेब्यू किया था।

## फिलिप के 96 रन व एडवर्ड्स के पांच विकेट की मदद से सिडनी सिक्सर्स ने सीजन की पहली जीत हासिल की

**सिडनी, वार्ता।** जॉश फिलिप के (96) और बाबर आजम (58) के अर्धशतकीय पारियों के बद जैक एडवर्ड्स के (पांच विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 47 रनों से हरा दिया है। यह सिडनी सिक्सर्स की सीजन की पहली जीत है। यहां खेले गए मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बाबर आजम ने अपना पहला बीबीएल में अर्द्धशतक लगाया, और शानदार फॉर्म में चल रहे जॉश फिलिप के साथ मिलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे सिक्सर्स ने थंडर को हराकर जीत दर्ज की। बाबर ने 42 गेंदों में 58 रन बनाकर सिक्सर्स की पारी को संभाला और फिलिप के साथ दूसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की, जो आखिरी ओवर में 57 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हो गए। डैनियल ह्यूजेस ने 25 रनों की पारी खेली। थंडर के लिए रीस टोपले ने तीन विकेट लिये। नाथन मैकएंड्रयू को दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी थंडर शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये।



गोवा। स्थानीय निकाय चुनावों में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत व उनका परिवार।

## ढाका में सुपुर्द-ए-खाक किए गए उस्मान हादी, नमाज-ए-जनाजे में शामिल हुए यूनुस

**ढाका।** ढाका में उस्मान हादी के नमाज-ए-जनाजे के बाद उन्हें ढाका में ही दफन किया गया है। बता दें कि करीब एक हफ्ते पहले एक जनसभा के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी और सिगापुर में पांच दिन के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद बीते दिन उनका शव ढाका लाया गया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी छात्र नेता उस्मान हादी के नमाज ए जनाजा में शामिल हुए। इस दौरान सराकर के वरिष्ठ अधिकारी और हजारों लोग भी मौजूद रहे।

# बंग्लादेश में गहराता संकट, लंबी निष्क्रियता का परिणाम

## कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव, पड़ोसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा

**नई दिल्ली।** बंगलादेश में भीड़ की हिंसा, सत्ता का कमजोर होना और कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह पघेसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा है।



■ इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल हो गया था गरम

मैमनसिह के भालुका में फैक्ट्री मजदूर दीपु चंद्र दास की भीड़ द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में हत्या किया जाना कानून और सार्वजनिक व्यवस्था के पतन को दर्शाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनके शव को जलाने का प्रयास और उसके बाद की अराजकता इस बात की ओर संकेत करती है कि समाज में भय ने संस्थानों पर हावी होना शुरू कर दिया है। यह हिंसा कोई अलग घटना नहीं है। इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल गरम हो गया था। कट्टर समूहों, चरमपंथी नेटवर्क और अवसरवादी राजनीतिक तत्वों ने अनिश्चितता और प्रशासनिक जड़ता का लाभ उठाया है। पुलिस की प्रतिक्रिया इन मामलों में कमजोर रही है और ये आरोप लगते रहे हैं कि सुरक्षा बलों को हिंसक भीड़ के खिलाफ कार्रवाई न करने के निर्देश दिए गए थे। कई मामलों में, कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुले हमलों के बावजूद निष्क्रिय रहीं। संकट अब गंभीर बाहरी स्वरूप भी ले चुका है। चटगांव में भारतीय दूतावास पर हमले और ढाका, खुलना और राजशाही में भारतीय मिशनों की ओर रैली के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय नियमों को सीधे चुनौती देते हैं। ये घटनाएँ दिखाती हैं कि भारत विरोधी भावनाओं का इस्तेमाल इस क्षेत्र को अस्थिर करने और भारत के पूर्वी हिस्से को कमजोर करने की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समुदाय, विशेषकर हिंदू, फिर से धमकियों, हिंसा और सामाजिक दबाव का सामना कर रहे हैं। भारत विरोधी नारों और संगठित दुश्मनी से यह स्पष्ट होता है कि यह स्वाभाविक अशांति नहीं, बल्कि वैचारिक रूप से संगठित आंदोलन है। कट्टर इस्लामी संगठन आत्मविश्वास हासिल कर चुके हैं, व्यापारिक गति. विधियां धीमी हो गई हैं और कई क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन बाधित हुआ है। ये सभी संकेत गहरे संरचनात्मक संकट के हैं।

भारत की स्थिति पिछले साल की लंबी निष्क्रियता के कारण और नाजुक हो गई है। उस समय जब बंगलादेश के बड़ी आबादी को यह उम्मीद थी कि भारत स्थिरता और सुधार में मदद करेगा, तब भारत ने अधिकतर सतर्क रुख अपनाए रखा। निर्णायक हस्तक्षेप की कमी ने वह खाली स्थान पैदा किया जिसे कट्टर ताकतों ने तेजी से भर लिया। बंगलादेश की विफलता केवल राजनीतिक दलों या नागरिक संस्थाओं के कारण नहीं है। इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार सेना है। जब जनता की सुरक्षा और संवैधानिक व्यवस्था सीधे तौर पर खतरे में थी, तब बंगलादेश की सेना ने बार-बार हस्तक्षेप ना करने का विकल्प चुना। भीड़ ने शेख हसीना के आवास पर हमला करने का प्रयास किया, तब भी सेना निष्क्रिय रही। भारी हिंसा के दौरान, अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले के बावजूद सेना चुप रही।

## तोशाखाना केस में पाकिस्तान की अदालत ने सुनाया फैसला

# इमरान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ओर उनकी पत्नी बुशरा बीबी को राज्य के लग्जरी उपहारों की कम कीमत पर खरीद से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में शनिवार को 17 साल की कैद की सजा सुनाई। विशेष केंद्रीय न्यायाधीश शहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अति सुरक्षा वाली अदियाला जेल के अंदर आयोजित सुनवाई के दौरान सुनाया। खान इसी जेल में बंद हैं। अभियोजन के अनुसार, मामला मई 2021 में आधिका. रिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा खान को उपहार में दी गई महंगी बुलगारी ज्वेलरी सेट से संबंधित है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के रिपोर्ट के अनुसार, ज्वेलरी की कीमत लगभग 80 मिलियन रुपये थी, कथित तौर पर खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई, जो इसकी मूल्यांकन कीमत का एक छोटा हिस्सा थी। अदालत ने खान को कुल 17 साल की कैद की सजा सुनाई, जिसमें पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 34 (साझा इरादा) और 409 (आपरा. धिक विश्वासघात) के तहत 10 साल की कठोर कैद, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के तहत अतिरिक्त सात साल शामिल हैं। सुबुशरा बीबी को भी इसी कानूनी प्रावधानों के तहत समान सजा दी गई है। दोनों पर 16.4 मिलियन रुपये जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना न चुकाने पर अतिरिक्त कैद होगी। अदालत ने दंड प्रक्रिया सं. हता की धारा 382-बी का लाभ दिया, जिससे पहले से काटी गई हिरासत की अवधि सजा में गिनी जाएगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उसने खान की उम्र और सुबुशरा बीबी के महिला होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें 'उदार' सजा दी। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि खान की तोशाखाना मामले में सजा उनकी वर्तमान सजा पूरी होने के बाद शुरू होगी। इस बीच पीटीआई ने फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे 'कंगारू कोर्ट' का परिणाम बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी ने दावा किया कि खान के परिवार को सुनवाई में शामिल होने से रोका गया और जेल में बंद दरवाजे वाली सुनवाई को 'न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष' बताया, इसे सैन्य मुकदमे से तुलना की। पीटीआई नेताओं ने तर्क दिया कि मामले में विश्वसनीय सबूतों की कमी थी और यह कमजोर गवाहियों पर आधारित था, जबकि अयूब ने कहा कि फैसला पाकिस्तान में कानून के शासन की अनुपस्थिति को दर्शाता है। खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया कि फैसला पहले से तय था और जल्दबाजी में सुनाया गया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने समय और प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाए तथा सुबुशरा बीबी की कथित अवैध एकांत कारावास के बारे में चिंता जताई। खान और सुबुशरा ने सभी आरोपों से लगातार इनकार किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं और सार्वजनिक जीवन से अयोग्य ठहराने के उद्देश्य से हैं। गौरतलब है कि अप्रैल 2022 में सत्ता से हटाए जाने के बाद से खान कई कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों के अलावा वह 09 मई 2023 के हिसक प्रदर्शनों से संबंधित आतंकवाद निरोधक अधि. नियम के तहत भी मुकदमों का सामना कर रहे हैं।वह अगस्त 2023 से जेल में हैं और वर्तमान में अलग 190 मिलियन पाउंड के भूमि भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। सुबुशरा बीबी भी इसी मामले में सात साल की सजा काट रही हैं।



■ कोर्ट ने 16.40 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2 करोड़ की घड़ी को 5 लाख का बताया था
■ ज्वेलरी की कीमत 80 मिलियन रुपये थी, इमरान खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस समेत दो ट्रेनों को बनाया निशाना

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने रेल पटरियों को निशाना बनाकर बम धमाके किए, जिससे जाफर एक्सप्रेस समेत दो यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। इन धमाकों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा और ट्रेन सेवाएं अस्थाई रूप से बाधित करनी पड़ीं। क्वेटा के सीनियर सुपरिटेंडेंट आफ पुलिस (एसएसपी) शाहिंद नवाज ने बताया कि शुक्रवार को मुश्काफ इलाके में हुए एक बम धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इन दोनों घटनाओं में जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया गया था। धमाकों के बाद मुख्य रेल लाइन पर ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से क्वेटा से पाकिस्तान के अन्य प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। एसएसपी नवाज ने कहा कि शनिवार से क्वेटा से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों के समय-सारिणी को सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। क्वेटा से बाहर जाने वाली सभी ट्रेनों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा चिंताओं के बीच शनिवार को जाफर एक्सप्रेस की एक विशेष सेवा को पेशावर के लिए रवाना होने की अनुमति दी गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष सेवा चलाई गई, जबकि सामान्य ट्रेन सेवाएं सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

## भारत-नीदरलैंड ने संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत और नीदरलैंड की ओर से शुक्रवार को इस बारे में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत-नीदरलैंड संयुक्त व्यापार और निवेश समिति (जेटीआईसी) की स्थापना दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के माध्यम से किये गए इस समझौता ज्ञापन की औपचारिक घोषणा नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील की भारत यात्रा और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक के अवसर पर की गई। इस समझौता ज्ञापन में व्यापार और निवेश संबंधी मामलों पर नियमित संवाद और सहयोग के लिए एक औपचारिक संस्थागत ढांचा, संयुक्त व्यापार आयोग (जेसीआई सी) की स्थापना का प्रावधान है। आयोग द्विपक्षीय व्यापार संबंधों की समीक्षा करने, दोनों पक्षों के बीच निवेश को बढ़ावा देने, निवेश और व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की संभावना तलाशने के लिए एक समर्पित तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

■ समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी

समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी-बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी, जिससे संस्थागत स्तर पर निरंत. रता और सतत सहयोग सुनिश्चित होगा। जेटीआईसी की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक (विदेश आर्थिक संबंध) करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे जिनमें सरकारी अधिकारी और नामित अन्य सदस्य होंगे।

## वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आयाः एस. जयशंकर

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनी. तिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं।

पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी थोप नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संत. ुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा कि यह पहच. ानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा कि हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।श बांग्लादेश के हालात पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश बनने के कुछ साल बाद, हमारे सामने पाकिस्तान के साथ-साथ पश्चिम और चीन भी थे।



■ अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता, भारतीय विदेश मंत्री का दावा-ताकत के कई केंद्र उभरे

## सूडान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर ड्रोन हमलों की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान में संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे पर पिछले सप्ताह हुए ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की, जिसमें छह बंगलादेशी शांति सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने प्रेस विज्ञप्ति में शहीद शांति सैनिकों के परिवारों और बंगलादेश सरकार और जनता के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। ड्रोन हमले शनिवार को सूडान के दक्षिण कोर्डोफान राज्य के कडुगली में हुए। परिषद के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे और अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल के शांति सैनिकों पर जानबूझकर किए गए इस हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा

## लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग ने यौन अपराध दोषी जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़े दस्तावेजों और तस्वीरों का एक नया सेट जारी किया। यह कदम महीनों के राजनीतिक दबाव और 'एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट' के पारित होने के बाद उठाया गया है। सामग्री का एक बड़ा हिस्सा अभी भी भारी रूप से संपादित है। जारी की गई फाइलों में ऐसी तस्वीरें और रिकॉर्ड शामिल हैं जो एपस्टीन को बिल क्लिंटन, गिस्लेन मैक्सवेल और पॉप स्टार माइकल जैक्सन जैसी हाई-प्रोफाइल हस्तियों के साथ सामाजिक समारोहों में दिखाते हैं। सीएनएन के अनुसार, दस्तावेजों में दिखाई देने वाले अन्य उल्लेखनीय व्यक्तियों में मिक जैगर, वुडी एलन और नोआम चॉम्स्की शामिल हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित नए कानून के तहत प्रकाशित इन फाइलों के लिए एपस्टीन और उनकी लंबे समय तक सहयोगी रही गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े 'गैर-वर्गीकृत' रिकॉर्ड जारी करना आवश्यक है। इन दस्तावेजों के बड़ी संख्या के होने के कारण चरणबद्ध तरीके से खुलासे किए जा रहे हैं। मैक्सवेल को 2021 में किशोर लड़कियों की तस्करी में सहायता करने का दोषी ठहराया गया था और वह वर्तमान में 20 साल की जेल की सजा काट रही है। शाम लगभग 7 बजे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई नई सामग्रियों में लगभग 120 तस्वीरें शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर तस्वीरें एफबीआई के सबूत बक्सों, लिफाफों, हार्ड ड्राइव, पुरानी सीडी और फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और अमेरिकी वर्जिन आइलैंड्स में एपस्टीन की संपत्तियों से बरामद कंप्यूटर उपकरणों को दिखाती हैं। पीड़ितों और चल रही जांच की सुरक्षा के लिए दस्तावेजों को भारी रूप से संपादित किया गया है। न्याय विभाग के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन की एक हॉट टब वाली तस्वीर में एक व्यक्ति का चेहरा छुपा दिया गया था ताकि पीड़ित व्यक्ति की पहचान की रक्षा की जा सके। एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट हालांकि विभाग को कुछ जानकारी संपादित करने की अनुमति देता है, लेकिन कुछ तस्वीरों में बिना किसी स्पष्टीकरण के एक बुजुर्ग व्यक्ति सहित अन्य व्यक्तियों के चेहरों को धुंधला दिखाया गया है। डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच ने कहा कि विभाग व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य पीड़ितों की जानकारी, बाल यौन शोषण सामग्री, वर्गीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा सामग्री, या ऐसी जानकारी के लिए संपादन बरकरार रखेगा जो सक्रिय जांच को खतरे में डाल सकती है।




■ 7 सेट में 3 लाख दस्तावेज जारी

# सीरिया में आतंक के अड्डों पर अमेरिकी वॉर

## ट्रम्प के आदेश पर 70 ठिकानों पर हवाई हमले

**वाशिंगटन।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। अमे. रिकी सैनिकों और एक अमेरिकी दुभाषिये की मौत के बाद ट्रम्प प्रशासन ने बदले की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सीरिया में आईएस ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए।

अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है कि यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि ये युद्ध की शुरुआत नहीं, हमारा बदला है। लगभग एक हफ्ते पहले सीरिया के रेगिस्तानी इलाके में हुए घातक हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। इस हमले के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सीधे तौर पर इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ट्रम्प ने बेहद सख्त कार्रवाई का ऐलान किया था। उसी कड़ी में अमेरिकी सेना ने सीरिया के मधय हिस्सों में आईएस के ठिकानों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया। अमे. रिकी अधिकारियों के अनुसार यह हमला बड़े पैमाने पर किया गया। सीरिया के अलग-अलग इलाकों में आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन ठिकानों में आईएस का बुनियादी ढांचा, हथियार भंडारण केंद्र और आपरेशन से जुड़े ठिकाने शामिल थे। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और हमले भी हो सकते हैं। अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा कि ये किसी युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने कहा कि दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाने वालों को ढूंढकर खत्म किया जाएगा। अमेरिकी बयान में दावा किया गया कि इस अभियान में बड़ी संख्या में दुश्मन मारे गए हैं और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अमेरिकी सेना ने इस हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। एफ-15 ईगल लड़ाकू विमान, ए-10 थंडरबोल्ट ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट और एएच-64 अपाचे हेलिकाप्टर हमले में शामिल रहे। इसके अलावा जार्डन से उड़ान भरने वाले एफ-16 लड़ाकू विमान और हिमार्स राकेट आर्टिलरी सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने जमीन और हवा से एक साथ कार्रवाई कर आईएस को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि यह युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो भी आतंकवादी अमेरिकियों पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे पहले से कहीं ज्यादा कड़ी मार झेलनी पड़ेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा।



■ अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है: यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है

## काहिरा में गाजा शांति योजना के अगले चरण पर चर्चा की

**काहिरा।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और मिस्र में उनके समकक्ष बद्र अब्देलात्ती ने शुक्रवार को काहिरा में बातचीत की और दोनों नेताओं के बीच वार्ता का मुख्य केन्द्र बिंदु गाजा शांति योजना के दूसरे चरण के कार्यान्वयन पर था। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अब्देलात्ती ने कहा कि मिस्र इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास जारी रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह योजना निकट भविष्य में अपने अगले चरण में प्रवेश करेगी। प्रस्तावित कदमों में गाजा पट्टी से इजरायली सैनिकों की वापसी, शांति-रक्षक बलों की तैनाती और क्षेत्र के प्रशासन के लिए एक नागरिक समिति का गठन शामिल है।

## ओडेसा बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमला

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा के बंदरगाह ढांचे पर शुक्रवार देर रात रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, हमले के केंद्र के पास एक बस में सवार कुछ लोग भी घायल हुए।

बंदरगाह के पार्किंग क्षेत्र में खड़े ट्रकों में आग लग गई, जबकि कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। रूस की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले एक दिन में उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे परिवहन और भंडारण ढांचे के साथ-साथ ऊर्जा प्रतिष्ठानों और कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं पर हमले किए। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस की एक तेल ड्रिलिंग प्लेटफार्म, एक सैन्य गश्ती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बयान के मुताबिक, शुक्रवार रात हुए हमले में रूसी गश्ती जहाज ओखोत. निक को क्षति पहुंची।

■ आठ लोगों की मौत और 27 घायल, जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने किए ड्रोन हमले



# जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर को हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में उनकी फिल्म होमबाउंड के लिए एक्टर ऑफ द ईयर फीमेल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारत की ओर से ऑस्कर 2026 के लिए आधिकारिक एंट्री रही होमबाउंड ने इंटरनेशनल फीचर फिल्म की कैटेगरी में टॉप 15 फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। इस फिल्म में विशाल जेठला, ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है फिल्म समीक्षकों से भरपूर सराहना बंटोरने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल कर चुकी इस फिल्म के लिए जान्हवी कपूर को मिला यह सम्मान उनके अभिनय करियर में न सिर्फ एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि ग्लोबल सिनेमा में जाह्नवी की मजबूत की मौजूदगी को और पुख्ता करती है। जाह्नवी कपूर ने अवॉर्ड जीतने के बाद इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, इस बेहद खास फिल्म के सफर में मैंने बहुत कुछ सीखा, लेकिन जो सबसे खास बात मुझे लगी वो है कि किसी को भी जज करने से पहले हम अपने पूर्वाग्रहों के बोझ से निकलें और वे जैसे हैं, उन्हें उसी तरह देखें। हालांकि मैं दूसरों से भी यही उम्मीद करती हूं कि मेरे बारे में कोई भी पूर्वाग्रह रखने या राय बनाने से पहले वे स्थिति का सही आकलन करें। मैं समझती हूं यही एक ऐसा उपहार है, जो हम बतौर इंसान एक-दूसरे को दे सकते हैं। जाह्नवी कपूर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करने और अपने अभिनय को मिले इस घस पहचान के लिए उन्होंने एनडीटीवी को भी धन्यवाद दिया है। जाह्नवी कपूर ने इस खास फिल्म के लिए अपनी पोस्ट में निर्देशक नीरज घेवान के प्रति भी आभार जताते हुए उन्हें प्यार से सबसे बेहतरीन निर्देशक और ह्यूमन टेडी कहा है। अपनी पोस्ट के जरिए जान्हवी ने यह भी बताया है कि होमबाउंड को भारत में मिला यह पहला अवॉर्ड है। हालांकि इन दिनों नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही फिल्म होमबाउंड के लिए जाह्नवी को मिला यह सम्मान न सिर्फ उनके अभिनय करियर सफर को और मजबूत करता है, बल्कि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा, दोनों में अपनी एक भरोसेमंद और अर्थपूर्ण पहचान बनाने में कारगर भूमिका भी निभा रहा है।

## कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं : अनुपम खेर

**मुंबई।** चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं और वह उनके अभिनय के प्रशंसक रहे हैं। कमल हासन और अनुपम खेर की दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर अचानक मुलाकात हो गई। अनुपम खेर ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अनुपम खेर इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक कमल हासन जी से मिलकर बेहद खुशी हुई।

# इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना संतोषजनक: सुम्बुल



**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से संतोषजनक रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता सुम्बुल तौकीर खान के सफर को दर्शाता है, जहां वह केवल अस्तित्व बचाने की लड़ाई से आगे बढ़कर अपने जीवन पर नियंत्रण पाना शुरू करती है। संजय (ऋषि सक्सेना) की बढ़ती असुरक्षा और विराट रजत वर्मा की अनसुलझी मौजूदगी के बीच फंसी अन्विता, अब विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा फारुख सईद के आने से नई चुनौतियों का सामना कर रही है। अन्विता के सामने अब ऐसे विकल्प हैं जो उसकी सहनशक्ति और रिश्तों की परीक्षा लेंगे। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अन्विता पर्सी कैफे की जिम्मेदारी संभालती है, जो उसके बढ़ते आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को दर्शाता है। हालांकि, यह संजय के साथ संघर्ष का कारण बनता है, जिसकी असुरक्षा तब और गहरी हो जाती है जब वह अन्विता के पर्सनल डेवलपमेंट को गलत समझता है। विराट की निरंतर उपस्थिति से खुद को असुरक्षित महसूस करता है। एक भव्य पार्टी के साथ विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा की एंट्री होती है। ड्रामा तब और बढ़ जाता है जब विराट बताता है कि उसने कैफे की प्रॉपर्टी खरीद ली है।

वह अन्विता को वहां से निकालने की धमकी देता है। क्या अन्विता की यह नई ताकत उसके सपनों और रिश्तों दोनों को बचाने के लिए काफी होगी? सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अन्विता के लिए यह दौर बेहद शक्तिशाली है क्योंकि यह केवल परिस्थितियों से लढ़ने के बजाय वास्तव में अपने जीवन की कमान संभालने की ओर उसके बदलाव को दर्शाता है। इस सफर को जो बात जटिल बनाती है, वह यह है कि उसकी तरक्की को उसके करीबी लोग ही गलत समझते हैं। उसे चुनौती देते हैं। इस बदलाव के दौरान अन्विता का किरदार निभाना, जहां वह भावुक भी है, दृढ़ निश्चई भी और अपनी जमीन बचाना सीख रही है, भावनात्मक रूप से काफी गहन और संतोषजनक रहा है। दर्शक उसे ऐसे रूप में उभरते हुए देखेंगे जिसकी उन्हें उम्मीद नही होगी।
इत्ती सी खुशी, हर सोमवार से शनिवार नौ बजे, प्रसारित होता है।


पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

## धुरंधर ने भारतीय बाजार में 460 करोड़ रुपये की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में दो सप्ताह में 460 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।इस फिल्म में रणबीर सिह और अक्षय खन्ना के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही हैं। फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाल मचा रही है।

# एकता कपूर ने बताई क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप की वजह



**मुंबई।** टेलीविजन क्वीन एकता कपूर ने स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में आए बहुचर्चित लीप पर अपनी बात रखी है। एकता कपूर ने इस बड़े बदलाव के पीछे की सोच को साफ करते हुए बताया कि कहानी को किस दिशा में ले जाया जा रहा है। एकता कपूर का कहना है कि यह लीप किसी ड्रामैटिक अंत के लिए नही, बल्कि भावनाओं की सच्चाई को दिखाने के लिए लाया गया है। एकता कपूर ने बताया कि शो में लीप लाने का फैसला इस सोच से लिया गया कि समय के साथ रिश्ते कैसे बदलते हैं। उनके लिए यह कोई पुराने सफर का अंत नही है, बल्कि ज़िदगी की तरह एक आगे बढ़ने की प्रक्रिया है। जैसे असल ज़िदगी में रिश्तों में समय के साथ दूरी आती है, भावनाएं बदलती हैं और उनके मायने नए हो जाते हैं, वैसे ही इस लीप के ज़रिए कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है। एकता कपूर कहा, एक कहानीकार के तौर पर मेरे लिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी हमेशा से रिश्तों को समय के साथ बढ़ते, टूटते और बदलते हुए दिखाने की कहानी रही है।

जब मैंने कहानी में लीप लाने के बारे में सोचा, तो मेरा मकसद कभी भी किसी चैप्टर को खत्म करना नही था, बल्कि कहानी को अपने किरदारों के साथ सांस लेने और आगे बढ़ने का मौका देना था। मैं लंबे रिश्तों की हकीकत दिखाना चाहती थी कि प्यार समय के साथ कैसे अपना रूप बदलता है, गलतफहमियां कैसे जख्म छोड़ जाती हैं और कैसे भावनात्मक दूरी धीरे-धीरे ज़िदगी में जगह बना लेती है।

# 2026 में बड़े पर्दे पर जलवा बिखेरेंगी नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां

**मुंबई।** वर्ष 2026 में अभिनता-अभिनेत्रियों की नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां सिल्वर स्क्रीन पर जलवा बिखरती नजर आयेंगी। वर्ष 2026 में फिल्ममेकर नए प्रयोग कर रहे हैं और दर्शक भी कुछ अलग, ताज़ा और असरदार देखना चाहते हैं, यही वजह है कि वे सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई ऑन स्क्रीन जोड़यिां लेकर आ रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन नई ऑन-स्क्रीन जोड़यिों के बारे में, जिनके न सिर्फ चर्चा बटोरने की संभावना है, बल्कि अपनी केमिस्ट्री और एनर्जी से बड़े पर्दे पर अपनी खास पहचान छोघ्ने की भी संभावना है। अनुराग बसु की अनटाइटल्ड म्यूज़िकल फिल्म कार्तिक के इंटेंस चार्म और लीला की जीवंत एनर्जी वाली यह जोड़ी, न सिर्फ मास ऑडियंस के लिए बनी हाई-एनर्जी जोड़ी है, बल्कि म्यूजिकल और विजुअल ट्रीट को ब्लॉकबस्टर बनाने का दम भी रखती है। क्राफ्ट और वर्सेटिलिटी की पावर-पैक जोड़ी यानी सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी पहली बार दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग के साथ आने जा रही हैं। माना जा रहा है कि सिद्धांत का अनप्रेडिक्टेबल अंदाज और वामिका की गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति मिलकर एक शांत लेकिन बेहद असरदार केमिस्ट्री बनाएंगी।

सिद्धांत चतुर्वेदी - मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म दो दीवाने शहर में नजर आएगी। संवेदनशीलता, गहराई और युवा ऊर्जा से भरपूर यह जोड़ी भावनात्मक कहानी में रची बसी फिल्म दो दीवाने शहर में में खूब जंच. `गी, ऐसी चर्चा है क्योंकि यह दोनों कलाकार अपने किरदारों में सच्चाई लाने के लिए जाने जाते हैं। हालांकि फिल्म के पोस्टर और एनिमेटेड टीजर को देखकर यह संभावना और प्रबल हो गई है। फिल्म पेड्डी में राम चरण के करिश्माई अवतार और जान्हवी की सॉफ्ट ग्रेस को अगर नॉर्थ और साउथ सिनेमा का दमदार संगम कहें तो गलत नही होगा। ऐसे में यह जोड़ी वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित जोड़यिों में शामिल हो चुकी है। वरुण धवन-मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएगी। इसमें दो राय नही है कि वरुण धवन और मृणाल ठाकुर, स्टारडम और सशक्त अभिनय का संगम है। वरुण की एनर्जी और मृणाल की भावनात्मक सच्चाई इस जोड़ी को रोमांस से लेकर ड्रामा तक हर जॉनर में असरदार बनाती है। इसी फिल्म में वरुण धवन - पूजा हेगड़े की भी जोड़ी है।

भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251307

दिनांक- 19/12/2025

निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थान हॉस्पिटल | मेडिकल सुपरीटेंडेंट (Clinical Subject में पी0जी0 एवं 10 साल का अनुभव) | 1 |
| 1 | स्वस्थवृत्त विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 2 | स्त्री प्रसूति विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 3. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर, लेक्चरर | 1 |
| 4. | पंचकर्म विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 5. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना **बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों** की दो प्रतियाँ तथा **पासपोर्ट साइज** फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

पता: भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्क: 9084681283 / 7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेबराव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108